ओम सांई राम
सुरभि बोरवेल्स
SURBHI BORWELL'S
7, 6 एवं 4.5 नलकूप खनन हेतु संपर्क करें
मो.-9826106555, 9329023102
संदीप मिश्रा
रिसाली, कृष्णा टॉकीज रोड, डॉ. विपिन अरोरा के बाजू में, एक्सिस बैंक के एटीएम के पीछे, भिलाई (छ.ग.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
श्रीकंचनपथ ONLINE
visit us http://www.shreekanchanpath.com
वर्ष- 13, अंक - 284 | भिलाई, रविवार 31 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110

खास खबर...

कांग्रेस की बड़ी कार्रवाई: कैश के साथ पकड़े गए तीनों विधायक निलंबित, भाजपा पर 'ऑपरेशन लोटस' का आरोप

रांची (एजेंसी)। कांग्रेस पार्टी ने भारी नकदी के साथ पकड़े गए अपने तीनों विधायकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित कर दिया है। झारखंड कांग्रेस के महासचिव और प्रभारी अविनाश पांडे ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि बीते शनिवार को कांग्रेस के तीन विधायक जामताड़ा से इरफान अंसारी, खिजरी से राजेश कच्छप और कोलेबिरा से नमन बिक्सल को भारी कैश के साथ गिरफ्तार किया गया था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इनकी गाड़ी से करीब 48 लाख रुपये बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस ने खुफिया सूचना मिलने के बाद चेकिंग के लिए गाड़ी रोकी थी। कैश की गिनती के लिए काउंटिंग मशीन भी मंगाई गई थी।

झारखंड में भी 'ऑपरेशन लोटस' चला रही भाजपा: जयराम रमेश

वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट करते हुए लिखा कि ' 'झारखंड में भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' आज रात हावड़ा में बेनकाब हो गया। दिल्ली में 'हम दो' का गेम प्लान झारखंड में वही करने का है, जो उन्होंने महाराष्ट्र में ई-डी (एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस) की जोड़ी से करवाया।''

छत्तीसगढ़ में कोरोना से 2 की मौत, 24 घंटे में 658 नए मरीज मिले, एक्टिव केस 3440

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को प्रदेश में 658 नए मरीज मिले हैं। सबसे ज्यादा 751 एक्टिव केस रायपुर जिले में हैं। कोरोना से धमतरी और कोरबा जिले में 1-1 संक्रमित की मौत भी हुई है। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने टेस्टिंग बढ़ाने, कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने और वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक शनिवार को 10 हजार 216 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 658 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर में जिले में सबसे ज्यादा 162 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 462 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 30 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.59 प्रतिशत से बढ़कर 6.44 प्रतिशतहो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 66 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 65 हजार 683 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं।

भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन चुनाव: दो अन्य यूनियन के समर्थन के बाद भी इंटक से छीन गया ताज

बीएमएस बनी मान्यता प्राप्त यूनियन

आधी रात के बाद चुनाव परिणाम घोषित होते ही मनाया गया जश्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव भारतीय मजदूर सभा यानी बीएमएस ने जीत लिया है। इसके साथ ही तमाम अटकलों पर विराम लग गया। इस्पात श्रमिक मंच और स्टील वर्कर्स यूनियन से गठबंधन के बावजूद पिछले बार की मान्यता प्राप्त यूनियन इंटक से ताज छीन गया है। आधी रात को चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ ही बीएमएस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

शनिवार को हुए चुनाव में बीएमएस को सबसे ज्यादा मत मिले। सीएमएस को कुल 3584 वोट मिले, जबकि दो यूनियन से गठबंधन कर चुनाव लड़ने वाली इंटक को इस बार मुंह की खानी पड़ी। गठबंधन के बाद भी इंटक दूसरे स्थान पर रहा। इंटक गठबंधन को 3170 और सीटू को 2981 वोट मिला। इसके अलावा एटक 377, बीएसपी वर्कर्स यूनियन 296, एचएमएस

61, लोइमू 34 व एक्टू को 21 वोट मिले।

बता दें बीएसपी में मान्यता प्राप्त यूनियन के लिए शनिवार को संयंत्र के भीतर व बाहर कुल 19 केन्द्रों में मतदान हुआ था। इससे पहले सभी यूनियनों ने कर्मचारियों को रिझाने का कोई मौका नहीं छोड़ा। शुरू ही माना जा रहा था कि मुकाबला इंटक, सीटू व बीएमएस के बीच है लेकिन किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी कि बीएमएस यूनियन चुनाव जीत जाएगा। सभी यूनियनों को पीछे छोड़ते हुए बीएमएस ने शानदार जीत दर्ज की।

सफल रहा युवा जोश को तवज्जो देना

बताया जा रहा है कि इस बार चुनाव में युवा कर्मचारियों की भूमिका अहम रही। युवा कर्मचारियों का समर्थन बीएमएस को मिला और इनके वादों ने भी कर्मचारियों को रिझाया। इन युवा कर्मचारियों की आंधी ऐसी चली कि इंटक ङ्क इस्पात श्रमिक मंच और स्टील वर्कर्स यूनियन गठबंधन भी नहीं टिक सका। मतगणना आधीरात के बाद भी चलती रही। लगभग ढाई बजे मतगणना पूरी हुई और बीएमएस के जीत की घोषणा की गई। इसके साथ ही बीएसपी में पहली बार भगवा यूनियन का परचम लहराया है।

जीत के साथ गूंजा जय श्रीराम का नारा

मतदान खत्म होने के बाद बीएसपी के एचआरडी बिल्डिंग के हॉल में सबसे पहले मतपत्रों को पेटी से निकालकर उसकी 100-100 की गड्डी बनाई गई। कुल 8 टेबल में गिणती शुरू की गई। इस बार राउडवार नतीजे नहीं बताए गए। बल्कि एक साथ फाइनल रिजल्ट दिया गया। इस दौरान सभी यूनियन के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। जैसे ही बीएमएस की जीत की घोषणा हुई जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। बीएमएस यूनियन के सदस्य एक दूसरे को जीत की बधाई देने लगे।

पिछले बार थी तिसरे नंबर पर

बीएमएस यूनियन वर्ष 2019 के मान्यता चुनाव में तिसरे नंबर पर रही थी। तब उसे बीएसपी कर्मियों का महज 1879 वोट प्राप्त हो सका था। उस चुनाव में इंटक यूनियन 4447 वोट लेकर जीत का परचम लहराया था। वहीं 3840 वोट के साथ सीटू दूसरे स्थान पर रही थी। इस बार बीएमएस यूनियन की जीत ने भिलाई के राजनीतिक गलियारे को भी चौंका सा दिया है।

सीएम बघेल बधाई के पात्र हैं जो प्रदेश को एक नई दिशा की ओर ले जा रहे-चीफ जस्टिस एन वी रमणा

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में देश में एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है : चीफ जस्टिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति एन वी रमणा हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी,रायपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हैं। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति तथा हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति अरूप कुमार गोस्वामी उपस्थित हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विधि मंत्री मोहम्मद अकबर एवं शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम भी उपस्थित हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमणा का सीएम बघेल ने शाल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. वी. रमणा छत्तीसगढ़ प्रवास पर कल शाम राजधानी रायपुर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होटल बेबीलॉन केपिटल पहुंचकर न्यायमूर्ति रमणा से सौजन्य मुलाकात की और उनका शाल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरूप कुमार गोस्वामी, आंध्रप्रदेश के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा, छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के समस्त न्यायाधीश एवम हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर वी. सी. विवेकानंदन उपस्थित थे। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमणा आज हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

एचएनएलयू ने छात्रों के लिए शुरू की बीमा योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी में रायपुर में स्थित हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (HNLU) ने छात्रों को बड़ा तोहफा दिया है। यूनिवर्सिटी ने अपने यहां पढ़ाई कर रहे स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए एक बीमा योजना लागू की है, जिसके तहत उन सभी को 1 लाख रुपये का कवर मिलेगा। इस बात की जानकारी शनिवार को एक अधिकारी ने दी है।

क्या है बीमा की खूबी?

कुलपति ने बताया कि इस पहल के तहत, बीमा कंपनी प्रत्येक छात्र को 1 लाख रुपये का कवर प्रदान करेगी। यह योजना परामर्श शुल्क और नैदानिक परीक्षणों के साथ अस्पतालों में कैशलेस सेवा को कवर करेगी। इस बीमा के तहत कोरोना और इसके वैरिएंट को भी कवर किया जाएगा।

राष्ट्रीय बीमा कंपनी को मिला अनुबंध

हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ वी सी विवेकानंदन ने बताया कि विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नमातकोत्तर में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए बीमा योजना लागू की है। इस बीमा का टेंडर देने के लिए बोली लगाई गई थी, जिसके बाद एक राष्ट्रीय बीमा कंपनी को अनुबंध दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए छात्रों से अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

आतंकी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ एनआईए की बड़ी कार्रवाई, छह राज्यों में की छापेमारी, कई अवैध सामग्री जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने आज आईएसआईएस की गतिविधियों से संबंधित मामले में छह राज्यों में संदिग्धों के 13 परिसरों की तलाशी ली। एनआईए की इस कार्रवाई में आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्री जब्त की गई हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। मध्य प्रदेश में भोपाल और रायसेन जिले; गुजरात में भरूच, सूरत, नवसारी और अहमदाबाद जिले, बिहार में अररिया जिला, कर्नाटक में भटकल और तुमकुर शहर जिले, महाराष्ट्र में कोल्हापुर और नांदेड़ जिले और उत्तर प्रदेश में देवबंद जिले ढ्ढस्ढ्ढस् की गतिविधियों से संबंधित हैं। एनआईए द्वारा 25 जून 2022 को आईपीसी की धारा 153ए, और 153बी और यूए (पी) अधिनियम की धारा 18, 18बी, 38, 39 और 40 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

सीसीएम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर कल से

सीसीएम में लक्षणों के आधार पर ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच की जा रही है ताकि शुरूवाती दौर में भी उससे संरक्षण किया जा सके

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, दुर्ग में आगामी 1 अगस्त को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मधुमेह (डाइबिटीज) एवं उच्च रक्तचाप (ब्लडप्रेशर) की जाँच की जायेगी जिसमें पुराने मरीजों की जॉच के अलावा नये मरीजों को शुरूवाती लक्षणों के साथ ही खोजा जा सकेगा जिससे मरीज इन रोगो की विभीषिका से बच सकें।

चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी. के. पात्रा एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहर राव देशकर के मार्गदर्शन में इस निशुल्क जॉच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाई ब्लड प्रेशर एवं शुगर (डाइबिटीज) आज के तनाव व दौड़ भाग भरे जीवन के पर्याप्य बन चुके हैं और शुरूवात में काफी समय तक इन दोनों बिमारियों के लगभग कोई भी लक्षण दिखाई नहीं देते पर जब इनके दुष्प्रभाव से मरीज हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक से लकवे का शिकार होते हैं तो उनकी जीवन क्षमता लगभग आधी हो जाती है या वे दैनिक दिनचर्या तक कर पाने के लायक भी नहीं रह पाते है व समाज के लिए लगभग अनुपयोगी हो जाते है।

पैथालॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जयंती चन्द्राकर एवं माइक्रोबायोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति हिवाले ने बताया कि उस शिविर में मरीजों का निशुल्क ब्लड शुगर टेस्ट किया जा सकेगा व ब्लड प्रेशर की जाँच की जा सकेगी, वही मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉ. सृजन काजा एवं फिजियोलॉजी विभाग से डॉ. अंशुल सिंघवी मधुमेह से संबंधित रोगियों का परीक्षण एवं परामर्श देगें व ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह के कारण आँखों में होने वाली व्याधियों की जॉच नेत्ररोग तज्ञ डॉ. लिपि चक्रवर्ती एवं डॉ. विनम्रता शुक्ला करेंगी और परामर्श देगीं।

भविष्य में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय, दुर्ग में अंचल के रोगियों के लिये हड्डी रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग इत्यादी विभागों के भी निशुल्क कैंप लगाये जायेंगे। जिससे रोगियों की देखभाल की जा सके व परामर्श उपलब्ध कराया जा सके।

अब आपके शहर
रायपुर में
मल्टी ब्रैण्ड स्टोर
With Best Service and Quality Since Last 30 Years
कृष्णा ऑप्टिकल्स
शंकर नगर रोड, यूनियन बैंक के सामने
9827953331
Free Digital Eye Testing
399/-में ब्लूकट चश्मा प्राप्त करें
TITAN Ray-Ban fastrack IDEE Polaroid VOGUE 2.5 VISION Crizal SCOTT ZEISS CARRERA Kodak TAG Hills IZARRA BOSS FOSSIL aqualens SUPROL
and many more...
•Designer Frame • Designer Sunglasses • Power Glasses • Contact Lenses
Our Branches
कृष्णा ऑप्टिकल्स सौभाग्य, कॉम्पलेक्स, दुर्ग फोन: 93031 07850
न्यू कृष्णा ऑप्टिकल्स, माताश्री कॉम्पलेक्स, महाराजा चौक, दुर्ग फोन: 9827953331
All Brands Contact Lenses Available

दंतेवाड़ा में भूत को लगा दिया टीका

दीपक रंजन दास

गुस्ताखी माफ

जिस देश में भूतकाल की राजनीति हो रही हो वहां यदि एक-आध टीका भूतों को लगा दिया तो इसपर इतना हंगामा क्यों? पूरे देश की राजनीति 100-200 या 500-600 साल पहले हुई घटनाओं पर चल रही है। जिनके दोष गिनाए जा रहे हैं उनकी मौत सैकड़ों साल पहले हो चुकी है। जब उस समय का हिसाब आज तक मांगा जा सकता है तो फिर फक्त साल भर पहले मरी हुई महिला को टीका क्यों नहीं लगाया जा सकता? दरअसल, मामला दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा गांव की शिव देवी सिंह गौतम का है। उसे कोविड का बूस्टर डोज लगाए जाने का दावा स्वास्थ्य विभाग ने किया है। शिव देवी की मौत एक साल पहले हो चुकी है। वैसे यहां यह भी बता दें कि जिस महिला की मौत हुई है उसे कोरोना के दोनों टीके लग चुके थे। पर इसके बाद उसकी मौत हो गई। अब जब बूस्टर डोज लगाने की बारी आई तो विभाग के अधिकारियों ने लिस्ट में उसके नाम के आगे भी निशान लगा दिया। उन्हें क्या पता था कि महिला की मौत हो चुकी है। विभाग पर टीका लगाने का प्रेशर है। उन्हें टारगेट दिया गया है। प्रेशर में अकसर ऐसा हो जाता है। कुछ ऐसा ही प्रेशर देश की सत्ताधारी पार्टी के समर्थकों पर भी है। उन्हें किसी भी हालत में भूतकाल को जिंदा रखना है। एक से बढ़कर एक इतिहासकार पैदा हो रहे हैं। इन सभी की दिव्य दृष्टि महाभारत के संजय से भी आगे तक जाती है। संजय को केवल वही दिखता था जो उसी समय कहीं और घट रहा हो। वह इसकी रनिंग कमेंट्री दृष्टिबाधित धृतराष्ट्र को सुनाता था। एक और त्रिकालदर्शी हुए हैं लंकापति रावण। उन्हें भी अपना भविष्य ज्यादा दूर तक नहीं दिख पाया। पर कलियुग के त्रिकालदर्शियों की बात ही निराली है। 5-6 सौ साल पहले दफ्न हो चुकी घटनाओं का ये आंखों देखा हाल सुनाते हैं। इन्हें अपने माता-पिता पर विश्वास नहीं है। इन्हें यकीन है इंटरनेट पर सजाई गई सामग्री पर जिसे लिखने वालों और अपलोड करने वालों में से कई की तो अभी मूंछे भी नहीं फूटीं। आश्चर्य इस बात का है कि जिन दो राज्यों ने विभाजन की त्रासदी झेली है, जिनके पास जातीय दंगों का व्यक्तिगत अनुभव है, वहां हिन्दू-मुसलमान दंगे नहीं होते। चिंगारियां वहां से उठती हैं जहां गंगा-यमुना बहती है। वैसे बता दें कि दंगों का भी एक अपना अर्थशास्त्र होता है। दंगों के दौरान जहां कफ्न खूब बिकते हैं वहीं दंगों के बाद नवनिर्माण के अवसर भी प्राप्त होते हैं। इस मंथन से सत्ता का अमृतकलश भी निकलता है। पर कराहती है मानवता, छिन्न भिन्न हो जाते हैं सपने, देश पीछे चला जाता है। आपको क्या चाहिए?

ABIR
CREATIVES AND DECOR
Arpit Jain
Mo. 7798719614
abircreatives.abcd@gmail.com
GSTIN : 22ALZPJ3876D1ZS
SERVICES
Jali Cutting, Led Signage, Interiors, Side Panels, Doore, Event Related Works, Letter Cutting, Ceiling Works
MATERIALS
3D and 2D Engraving on Wood, MDF, PVC, Actylic, Corain, WPC, ACP, Brass, Copper, Aluminum and Much More
Navkar Parisar, Front of Jio/Reliance Patrol Pump, Pulgaon Nala, Ganjpara, Durg

संपादकीय

मुफ्त में कोई कुछ नहीं बांटता

हकीकत यह है कि कोई भी सरकार किसी नागरिक को मुफ्त में कुछ नहीं देती है। देश के नागरिक हर सेवा या वस्तु के लिए कर के रूप में कीमत चुकाते हैं। उसी पैसे से नागरिकों को कुछ सेवाएं या वस्तुएं दी जाती हैं।

यह गजब बात है, जो सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह चुनावों में मुफ्त बांटने की पार्टियों की घोषणाओं पर रोक लगाने के उपाय खोजे। गजब इसलिए है क्योंकि कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगा कर इसकी मांग की गई थी, तब अदालत ने याचिका खारिज कर दी थी कि वह इस मामले में कुछ नहीं कर सकती है। लेकिन जैसे ही प्रधानमंत्री ने 'रेवड़ी कल्चर' का मुद्दा उठा कर इस पर निशाना साधना शुरू किया वैसे ही सुप्रीम कोर्ट को लगा कि केंद्र सरकार इस पर रोक लगाने के उपाय खोज सकती है। सवाल है कि लोक कल्याणकारी राज्य में नागरिकों को कोई वस्तु या सेवा देने में क्या गलत है और इसे क्यों रोका जाना चाहिए?

> हैरानी है कि सरकारें हर साल उद्योग जगत को लाखों करोड़ रुपए की सब्सिडी देती हैं और बैंक कॉरपोरेट को दिए कर्ज में से लाखों करोड़ रुपए हर साल बट्टेखाते में डालते हैं। लेकिन उसे मुफ्तखोरी नहीं कहा जाता है। फिर नागरिकों को बिजली, पानी, अनाज, किसानों को सम्मान निधि देने या नागरिकों को वैक्सीन लगवाने को मुफ्तखोरी कैसे कहा जा सकता है?

इसलिए सबसे पहले यह तय करना होगा कि मुफ्त बांटना या मुफ्त में कोई चीज देने की घोषणा का क्या मतलब है? एक लोक कल्याणकारी राज्य में नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देने को मुफ्त में देना नहीं कहा जा सकता है। ऐसा कह कर देश के नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। उनकी गरिमा गिराई जा रही है। उन्हें मुफ्तखोर ठहराया जा रहा है, जिसके लिए पार्टियों ने लाभार्थी या नमकहलाल मतदाता जैसे जुमले गढ़ लिए हैं।

हकीकत यह है कि कोई भी सरकार किसी नागरिक को मुफ्त में कुछ नहीं देती है। देश के नागरिक हर सेवा या वस्तु के लिए कर के रूप में कीमत चुकाते हैं। उसी पैसे से नागरिकों को कुछ सेवाएं या वस्तुएं दी जाती हैं।

सो, सबसे पहले तो यह कहना बंद करना होगा कि कोई पार्टी या सरकार नागरिकों को मुफ्त में कोई चीज दे रही है। क्या देश की सर्वोच्च अदालत को पता नहीं है कि भारत में सोशल सिक्योरिटी नाम की चीज नहीं है। देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है या असंगठित क्षेत्र में काम करती है, जहां वेतन या पेंशन जैसी कोई सुविधा नहीं है। अगर अपने नागरिकों से कर वसूल कर या देश के संसाधनों का इस्तेमाल कर पैसे कमा रही सरकारें उनके ऊपर खर्च नहीं करेंगी या ध्यान नहीं रखेंगी तो कौन रखेगा? सरकारें अगर नागरिकों को अच्छी व सस्ती शिक्षा या स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए या सस्ती या बिना कीमत के बिजली व पानी उपलब्ध कराए, बेहतर परिवहन सेवा बनाए तो उसे मुफ्तखोरी नहीं कहा जा सकता। हैरानी है कि सरकारें हर साल उद्योग जगत को लाखों करोड़ रुपए की सब्सिडी देती हैं और बैंक कॉरपोरेट को दिए कर्ज में से लाखों करोड़ रुपए हर साल बट्टेखाते में डालते हैं। लेकिन उसे मुफ्तखोरी नहीं कहा जाता है। फिर नागरिकों को बिजली, पानी, अनाज, किसानों को सम्मान निधि देने या नागरिकों को वैक्सीन लगवाने को मुफ्तखोरी कैसे कहा जा सकता है?

मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में

आजादी के 75 वें साल में मैकाले की गुलामगीरी वाली शिक्षा पद्धति बदलने की शुरुआत अब मध्यप्रदेश से हो रही है। इसका श्रेय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग को है। मैंने पिछले साठ साल में म.प्र. के हर मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मेडिकल और कानून की पढ़ाई वे हिंदी में शुरु करवाएं लेकिन मप्र की वर्तमान सरकार भारत की ऐसी पहली सरकार है, भारत की शिक्षा के इतिहास में जिसका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा।

भारत के प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री म.प्र. से प्रेरणा ग्रहण करें और समस्त विषयों की उच्चतम पढ़ाई का माध्यम भारतीय भाषाओं को करवा दें तो भारत को अगले एक दशक में ही विश्व की महाशक्ति बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती है। विश्व की जितनी भी महाशक्तियाँ हैं, उनमें उच्चतम अध्ययन और अध्यापन स्वभाषा में होता है। डाक्टरी की पढ़ाई मप्र में हिंदी माध्यम से होने के कई फायदे हैं। पहला तो यही कि फेल होनेवालों की संख्या एकदम घटेगी। दूसरा, छात्रों की दक्षता बढ़ेगी।

70-80 प्रतिशत छात्र हिंदी माध्यम से पढ़कर ही मेडिकल कॉलेजों में भर्ती होते हैं। इन्हें चिकित्सा-पद्धति को समझने में आसानी होगी। तीसरा, मरीज़ों की ठगाई कम होगी। चिकित्सा जादू-टोना नहीं बनी रहेगी। चौथा, मरीज़ों और डाक्टरों की बीच संवाद आसान हो जाएगा। पांचवा, सबसे ज्यादा फायदा उन गरीबों, पिछड़ों, अनुसूचितों के बच्चों को होगा, जो अंग्रेजी के चलते डॉक्टर नहीं बन पातें। मप्र सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास नारंग ने मेडिकल शिक्षा की किताबें हिंदी में तैयार करवाने के लिए जो कमेटी बनाई है, उससे मेरा सतत संपर्क बना रहता है।

कुछ पुस्तकें मूल रूप से हिंदी में तैयार हो गई हैं और कुछ के अनुवाद भी हो गए हैं। सितंबर के आखिर में शुरु होने वाले नए सत्र से छात्रों को हिंदी माध्यम की छूट मिल जाएगी। हिंदी की पुस्तकों में अंग्रेजी मूल तकनीकी शब्दों से परहेज नहीं किया जाएगा। जो छात्र अंग्रेजी माध्यम से पढ़ना चाहेंगे, उन्हें छूट रहेगी। मप्र के चार हजार मेडिकल छात्रों में से अब लगभग सभी स्वभाषा के माध्यम से पढ़ना चाहेंगे। यदि ऐसा होगा तो हिंदी में कई नए-नए मौलिक ग्रंथ भी हर साल प्रकाशित होते रहेंगे।

यदि इस मेडिकल की पढ़ाई को और भी अधिक उपयोगी बनाना हो तो मेरा सुझाव यह भी है कि एक ऐसी नई चिकित्सा-उपाधि तैयार की जाए, जिसमें एलोपेथी, आयुर्वेद, हकीमी, होमियोपेथी और प्राकृतिक चिकित्सा के पाठ्यक्रम मिले-जुले हों ताकि मरीजों का यदि एक दवा से इलाज न हो तो दूसरी दवा से होने लगे। यदि हमारी चिकित्सा में ऐसा कोई क्रांतिकारी परिवर्तन मध्यप्रदेश की सरकार करवा सके तो अन्य प्रदेशों की सरकारें और केंद्र सरकार भी पीछे नहीं रहेगी। यह विश्व को भारत की अनुपम देन होगी। यह चिकित्सा पद्धति इतनी सुलभ और सस्ती होगी कि भारत और पड़ौसी देशों के गरीब से गरीब लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। एक बार फिर दुनिया भर के छात्र डाक्टरी की पढ़ाई के लिए भारत आने लगेंगे, जैसे कि वे सदियों पहले विदेशों से आया करते थे।

वेद प्रताप वैदिक

> यहां यह बताने में हर्ज नहीं है कि उनके साथ ड्यूटी दे रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों का जम्मू-कश्मीर में प्रतिमाह 'हार्डशिप अलाउएंस' 9,700 रुपये से बढ़ाकर 17,300 और अफसरों का 16,900 से 25,000 रुपये कर दिया गया है। यकीनन, जम्मू-कश्मीर एक उलझी हुई गुत्थी है। इसे सुलझाने में वक्त लगेगा, पर इसमें कोई दो राय नहीं कि इसकी गांठें ढीली पड़ी हैं। दशकों की उलझनें, चुटकियों में भला कब हल हुई हैं?

कश्मीर में मौसम बदल रहा है

शशि शेखर

क्या कश्मीर में कुछ बदल रहा है? लाल चौक की तंग गलियों में कांसे का सामान बेचते उस व्यापारी को मुझसे इस सवाल की उम्मीद न थी। वह तो यह भी नहीं जानता था कि मैं कौन हूं? उसकी व्यग्रता देख मैंने अपना परिचय देते हुए खुलकर बोलने का अनुरोध किया। उसका जवाब था- 'देखिए, मैं कोई सियासतदां नहीं, एक सामान्य व्यापारी हूं, पर जैसा कि आप कह रहे हैं, आप 1980 के दशक से यहां आते रहे हैं, तो खुद अपनी आंखों से बदलाव देख लीजिए। हमारे यहां माल भरा पड़ा है। आपके सामने ही दो टूरिस्ट खरीदारी करके निकले हैं। सामने की सड़क पर जाम लगा हुआ है। इस बार टूरिस्ट भी ज्यादा आए हैं। बारिश के मौसम में इतनी बड़ी तादाद में भला कौन पहाड़ों पर घूमने जाता है!'

वह सही कह रहा था। उस तक पहुंचने से पहले हमारी गाड़ी तंग सड़कों पर कई बार फंस चुकी थी। मैं इन गलियों से पहले भी गुजरा हूं। 1980-90 के दशकों में जाम खस्ताहाल सड़कों और पुलिस या अर्द्धसैनिक बलों की नाकेबंदी से लगता था। अब सड़कें सुधर गई हैं, पर देश के अन्य पर्यटन स्थलों की तरह हर रोज बढ़ते वाहनों की तादाद, पनपती आबादी का दबाव और बड़ी संख्या में सैलानियों की आमद से यातायात बाधित होता है। सुरक्षा बलों के अधिकांश अवरोधक हटा लिए गए हैं। सिर्फ लाल चौक नहीं, मैसूमा की गलियों में भी कुछ उत्सुकता, तो कुछ निश्चिंतता दिखाई दी। जो नहीं जानते, उन्हें बता दूं। अलगाववादियों के अगुआ यासीन मलिक यहीं के रहने वाले हैं। इस इलाके में तीन साल पहले तक आए दिन बंद का आह्वान होता। पत्थरबाजों का गढ़ भी यही था। बहुत से व्यापारियों ने यहां से पुश्तैनी दुकानें बेचकर अपने शो रूम सुरक्षित जगहों पर बना लिए थे। अब हालात कैसे हैं, यह मैं ऊपर बता चुका हूं।

श्रीनगर जैसे खुली हवा में सांस ले रहा है।

बाद में कुछ अधिकारियों और जागरूक नौजवान व्यापारियों से मिलता हूं। घाटी में बिजली की समस्या लाइलाज मानी जाती थी। हालात अभी भी आदर्श नहीं हैं, पर राज्य का कुल विद्युत उत्पादन बढ़ाकर 5,951 मेगावाट पहुंचा दिया गया है। आजादी के बाद से अब तक कभी विद्युत उत्पादन 3,500 मेगावाट से अधिक नहीं रहा। जम्मू-कश्मीर की हुकूमत संभालने के दो वर्ष पूरे करने जा रहे उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा जानते हैं कि घाटी को मुख्यधारा में लाने का अकेला जरिया विकास और रोजगार का सृजन है, इसीलिए इस दौरान युद्ध-स्तर पर काम कर 51 हजार लंबित योजनाओं को परवान चढ़ाया गया। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भरोसे की कश्मीर वापसी जरूरी है। इसके लिए जन सामान्य से संवाद के साथ जन शिकायतों के समयबद्ध निराकरण का रास्ता निकाला गया। नतीजतन, पत्थरबाजी और अलगाववादी जुलूस अतीत की बात बन गए हैं। यह प्रक्रिया रुके नहीं और तेज हो, इसके लिए पीएमओ और गृह मंत्री स्वयं नियमित तौर पर 'मॉनिटरिंग' करते हैं।

तो क्या कश्मीर में हालात सामान्य हो गए हैं?

यह कहना जल्दबाजी होगी, पर जुलाई के आखिरी हफ्ते में घाटी के तमाम हिस्सों में घूमते हुए लगा कि जमीनी स्तर पर यकीनन हालात बदले हैं। कश्मीर को मंजिल चाहे जब मिले, पर हुकूमत ने सही रास्ता पकड़ लिया है। आपके मन में सवाल कौंध रहा होगा कि अगर ऐसा है, तो फिर कश्मीरी पंडितों और अमनपसंद कश्मीरियों की 'टारगेट किलिंग' क्यों हो रही है? इसकी सबसे बड़ी वजह पाकिस्तान से आ रहे आतंकवादी हैं। कोई कुछ भी दावा करे, पर यह सच है कि घाटी में विदेशी आतंकवादियों की आमद अभी तक जारी है। ये दहशतगर्द न केवल वहां के परिवेश को बिगाड़ते हैं, बल्कि कठोर प्रशिक्षण और उनकी कट्टर जेहनीयत उन्हें सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए उकसाती है। वे आम तौर पर घात लगाकर हमला करते हैं और भागने के बजाय सुरक्षा बलों से मोर्चा लेते हैं। उन्हें सिखाया गया है कि आप मुठभेड़ को लंबे से लंबा खींचें, भले ही आपकी जान क्यों न चली जाए। निहितार्थ साफ है। जितनी लंबी मुठभेड़, उतनी बड़ी खबर। खबरें बनें, और बनती रहें, इसके लिए सरहद पार बैठे रणनीतिकार सोच-समझकर 'टारगेट' का चयन करते हैं।

सुरक्षा बलों का सबसे बड़ा सिरदर्द यही विदेशी आतंकवादी हैं। सेना का काम इन्हें सरहदों पर रोकना है। हमारे जवान इसके लिए हरदम जान की बाजी लगाए रहते हैं, पर सीमाओं की दुरूहता और सीमित संसाधन उनकी राह में बाधा उत्पन्न करते हैं। सरहद पर दोनों तरफ सामान ढोने वालों के स्थानीय जत्थे सक्रिय हैं। उनमें से कुछ पर न केवल जरूरी सूचनाएं उस पार तक पहुंचाने का संदेह है, बल्कि वे गफलत पैदा करने की कोशिश भी करते हैं। यही नहीं, पाकिस्तानी 'प्रॉपगैंडा मशीन' और वहां के दहशतगर्द हमारे बीच जमे स्थानीय अलगाववादियों की मदद से कच्चे मन के किशोरों को बरगलाने में अक्सर कामयाब हो जाते हैं। पाया गया है कि एक विदेशी आतंकवादी एक से पांच किशोरों को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। अपनी बात समझाने के लिए एक घटना बताता हूं।

हुआ यूं कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में 'टारगेट किलिंग' के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया था। नियमानुसार उसका शव जब उसके घरवालों के सुपुर्द किया जा रहा था, तब उन्होंने आरोप जड़ दिया कि हमारे अबोध बच्चे को आपने 'एनकाउंटर' में मार गिराया है। वहां तैनात पुलिस अधिकारियों ने जब उन्हें उस किशोर की कॉल-डिटेल दिखाई, तो वे भौंचक्के रह गए। उनका बेटा उन्हें पिछले कुछ महीनों से यह कहकर भरमा रहा था कि मैं 'ऑनलाइन क्लासेज' ले रहा हूं, जबकि वह घंटे से डेढ़ घंटे तक सरहद पारके 'हैंडलर' से बात करता था। इन अपरिपक्व नौजवानों को उकसाकर लड़वा-मरवा देना, 'उनके' लिए 'किफायती' पड़ता है, क्योंकि 'उधर' से आए दहशतगर्द की ट्रेनिंग और उसके रखरखाव पर काफी खर्च करना होता है। उनकी बदनीयती देखिए। हमारे नौनिहालों की जान उनके जने दहशतगर्दों से सस्ती है।

इस प्रवृत्ति से जूझने में जम्मू-कश्मीर पुलिस को काफी ऊर्जा झोंकनी पड़ रही है। 1980 के दशक की जम्मू-कश्मीर पुलिस की तुलना में आज के इन लड़ाकों की जेहनीयत में सुखद बदलाव आया है। अगर ऐसा न होता, तो अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद हालात सामान्य होने में बरसों लग जाते। यहां यह बताने में हर्ज नहीं है कि उनके साथ ड्यूटी दे रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों का जम्मू-कश्मीर में प्रतिमाह 'हार्डशिप अलाउएंस' 9,700 रुपये से बढ़ाकर 17,300 और अफसरों का 16,900 से 25,000 रुपये कर दिया गया है।

यकीनन, जम्मू-कश्मीर एक उलझी हुई गुत्थी है। इसे सुलझाने में वक्त लगेगा, पर इसमें कोई दो राय नहीं कि इसकी गांठें ढीली पड़ी हैं। दशकों की उलझनें, चुटकियों में भला कब हल हुई हैं?

कभी तंज कसने वालों ने अपना नुमाइंदा चुन लिया

जन्नतुल सरकार चंपा, जन-प्रतिनिधि

कुछ फसले दूसरों को बहुत छोटे दिखते हैं, पर उनकी असली दूरी तो उन्हें तय करने वाला मुसाफिर ही जानता है। सुदामा पांडेय धूमिल ने इसीलिए कहा था, लोहे का स्वाद, लोहार से मत पूछो, घोड़े से पूछो, जिसके मुंह में लगाम है। आज एक ऐसी ही अनथक मुसाफिर की दास्तान, जिसके सफरनामे को उसके मुल्क के बेहद प्रतिष्ठित इदारे ने सलाम किया है और उसे इस साल के 'नेशन बिल्डर्स अवॉर्ड' से नवाजा है। यह सम्मान मिला है, जन्नतुल सरकार चंपा को और उन्हें यह इज्जत बख्शी है बांग्लादेश के मशहूर अंग्रेजी दैनिक द डेली स्टार ने। राजधानी ढाका से करीब 150 किलोमीटर दूर एक मध्यवर्ती जिला है- पबना। यहीं के मलिक बैन गांव में आज से 35 साल पहले चंपा पैदा हुईं। पिता इशाक अली सरकार की माली हालत बहुत अच्छी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूल में जरूर करा दिया था। इस बुनियाद से जिंदगी इन बच्चों को बेहतर कल के ख्वाब दिखाती, इसके पहले ही पिता का एक फैसला उन पर कहर बनकर टूटा था। इशाक अली ने बेटी-बेटों को उनके हाल पर छोड़ दूसरी शादी कर ली थी।

जब पिता ने ही मुंह मोड़ लिया था, तो भला नाते-रिश्तेदार कितना साथ देते? बेहद करीबी लोग भी उन्हें देखकर कतराने लगे थे। इस तकलीफ के साथ सरकार परिवार जीना सीख रहा था कि इशाक अली की मौत ने बच्चों से किसी सायेबान के होने का भरम भी छीन लिया। चंपा और उनके भाइयों के वे पढ़ने-लिखने के दिन थे, लेकिन पेट भरने की बड़ी जरूरत सामने आ खड़ी हुई थी। बड़े भाई दिहाड़ी मजदूरी की तलाश में दूसरी जगह ऐसे गए कि पलटकर हाल भी न पूछा। पर चंपा कहां जातीं? उन पर तो मां और छोटे भाई की देखभाल की जिम्मेदारी भी आ पड़ी थी।

इन विषम परिस्थितियों में भी चंपा ने किताबों का साथ नहीं छोड़ा था, और इसका सुफल यह रहा कि साल 2000 में उनके हाथों में हायर सेकेंडरी की डिग्री आ गई। चंपा जिस पृष्ठभूमि से आती हैं, उसमें यह एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन जब इसकी बिना पर वह नौकरी की तलाश में निकलीं, तो पता चला कि उनसे ऊंची डिग्रियां लेकर कतार में कई पहले से खड़े हैं। फिर भी चंपा ने कई सरकारी दफ्तरों की खाक छानी। आखिर उन्हें अफसरी तो चाहिए थी नहीं, एक मामूली ओहदे की दरकार थी, ताकि उनका परिवार आर्थिक अस्थिरता की खाई से बाहर निकल सके। मगर किसी सरकारी महकमे में चंपा को कोई

काम नहीं मिला। आखिरकार साल 2002 में एक टेक्सटाइल मिल ने उन्हें महिला सुरक्षा अधिकारी के काम पर रख लिया।

चंपा अपने काम से खुश थीं और संस्थान भी उनकी मुस्तैदी और फर्ज अदायगी से मुत्मइन था। ऐसा लगा, शायद जिंदगी से दुखों का दौर खत्म हो गया, लेकिन भविष्य को भला कौन पढ़ सका है? साल 2005 की बात है। पास के ही गांव कंटाखली के एक नौजवान से चंपा का निकाह हुआ। शादी के बाद शुरुआती दिनों में तो सब कुछ ठीक रहा, मगर कुछ ही पखवाड़े में शौहर की हकीकत चंपा पर जाहिर हो गई। वह एक नशाखोर आदमी था। जल्द ही उसे चंपा के नौकरी करने से शिकायत होने लगी। शादी बचाने के लिए चंपा ने नौकरी भी छोड़ दी। इसके बावजूद पति की ज्यादतियां बढ़ती चली गईं। गाली-गलौज, मार-पीट ने एक साल के भीतर ही इस रिश्ते को तलाक के मुकाम पर पहुंचा दिया।

चंपा एक बार फिर बेआसरा थीं। अब क्या? यह सवाल उनके पूरे वजूद के आगे आ खड़ा हुआ था। मगर कहते हैं, जब खून के रिश्ते तक साथ छोड़ देते हैं, तब भी इल्म और ईमान अपना दामन नहीं झटकते, वे आगे की राह दिखाते हैं। चंपा के पास मां के घर लौटने के अलावा कोई विकल्प न था। थोड़ी मशक्कत के बाद उन्हें एक इंश्योरेंस कंपनी में अस्थायी नौकरी भी मिल गई। लेकिन साल 2008 में एक नई चुनौती आ खड़ी हुई। कंपनी ने उनका तबादला दूसरे जिले में कर दिया। चंपा मां और छोटे भाई को छोड़कर कहीं और नहीं जा सकती थीं। जाहिर है, वह नौकरी भी चली गई।

अब चंपा ने हॉकर का काम शुरू किया। शुरू-शुरू में वह सिर्फ पांच-सात अखबार बेच पाती थीं। फिर उन्होंने घूम-घूमकर अखबार बेचना शुरू किया। लोग चंपा पर खूब फब्तियां कसते थे, उन्होंने एक वर्जना जो तोड़ दी थी। अब तक सिर्फ मर्दों का इस पेशे पर एकाधिकार था। लेकिन लोगों की बातों को चंपा ने कभी दिल से नहीं लगाया, क्योंकि वह ईमान की राह पर थीं और एक गरिमामय जिंदगी जीने का उन्हें पूरा हक था। उन्होंने एक साइकिल खरीदी और चटमोहर बाजार में घर-घर अखबार पहुंचाना शुरू किया। नेक रास्ते से रोटी कमाने की चंपा की जद्दोजहद ने उनके प्रति लोगों का नजरिया बदलना शुरू कर दिया। न सिर्फ उनसे अखबार लेने वाले स्थायी ग्राहकों की संख्या बढ़ी, बल्कि लोग पीठ पीछे उनकी खूब सराहना करने लगे। अखबार की बिक्री से उनकी कमाई रोज के 550 टका तक पहुंच गई।

चंपा की जिंदगी को एक मकसद मिल गया था, अब वह कस्बे की उन बेटियों-औरतों के लिए कुछ करना चाहती थीं, जिनका पुरसाहाल कोई न था। इसी इरादे के साथ साल 2010 में उन्होंने 'यूनियन परिषद' यानी स्थानीय निकाय का चुनाव लड़ा, मगर वह 70 वोटों से हार गईं, साल 2016 के इंतिखाब में भी ऐसा ही हुआ। मगर उनकी मुसलसल कोशिशों पर नवंबर 2021 के चुनाव में अवाम ने अपनी मुहर लगा दी। भोर से दोपहर तक अखबार बेचने के बाद चंपा बतौर जन-प्रतिनिधि अवाम की खिदमत में जुट जाती हैं। काश! दुनिया की हर पंचायत को जन्नतुल सरकार चंपा सरीखा नेतृत्व मिल जाता, तो हाशिये के लोगों के दुख-दर्द की सरकार के यहां सुनवाई आसान हो जाती!

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

चर्चिल के ब्रिटेन में ऋषि सुनक का क्या काम?

हरिशंकर व्यास

ब्रिटेन के गोरे दुविधा में होंगे। आखिर वे एक तरफ लोकतंत्र, बुद्धि, ज्ञान-विज्ञान, काबलियत को पूजने के संस्कारों से इक्कीसवीं सदी में समावेशी मिजाज में जिंदगी के राजभोग खा रहे हैं वहीं एक अश्वेत हिंदू को प्रधानमंत्री बनाने के विकल्प पर फैसला लेना है। ये गोरे उमा भारती, सुषमा स्वराज या संघ परिवार जैसे हिंदू नहीं हैं, जिन्हें सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की संभावना से ही गुलामी लौटती लगी थी। न ही उन भयाकुल हिंदुओं जैसे हैं, जो डरें कि मुसलमानों की बढ़ती आबादी से ब्रिटेन में इस्लामी राज बनेगा। या इस तरह सोचना कि राजधानी लंदन के मेयर सादिक अली ब्रिटेन में इस्लामी राज की दस्तक हैं। हां, भारत और ब्रिटेन के मोदी भक्त हिंदू सोशल मीडिया में लिखते रहते हैं कि ब्रिटेन में तो शरिया राज होगा। लेकिन वे ही हिंदू अब गर्व से, छाती फुलाए नगाड़े बजा रहे हैं कि देखो हिंदुओं की विश्व गुरूता जो ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन रहे हैं। नरेंद्र मोदी हैं तो सब मुमकिन है! आश्चर्य नहीं होगा कि जिस दिन ऋषि सुनक वहां प्रधानमंत्री चुने जाएं तो नरेंद्र मोदी छाती फुलाए हुए इस टैग लाइन के साथ बधाई संदेश में हिंदुओं को वैश्विक संदेश दें कि जब सुनक शपथ लें तब के समय दुनिया के हिंदुओं ताली-थाली बजाओ, दीपक जलाओ। ब्रिटेन में भगवा फहरा। ब्रिटेन के हिंदू अपने घरों पर दीये जलाएं!

इस तरह की बेहूदगी नामुकिन नहीं है। हिंदू राजनीति की मौजूदा तासीर में इसी तरह की जहालतें-काहिली भरी हुई है। नरेंद्र मोदी और लंदन में उनके भक्त ऋषि सुनक की इवेंट को भुनाने की हर संभव वैसी बेहूदगियां करेंगे, जिससे खुद ऋषि सुनक सिर पीटेंगे तो ब्रितानी गोरे, भक्तों की फूहड़ता देख सोचेंगे कि उनका नया प्रधानमंत्री ब्रिटेन को कहीं वैसा ही नहीं बना दे, जैसे नरेंद्र मोदी भारत को बना रहे हैं!

तभी मुझे खटका है कि कंजरवेटिव पार्टी के जमीनी नेता ऋषि सुनक की तमाम खूबियों के बावजूद उन्हें नहीं चुनेंगे। भारत की हिंदू राजनीति के कलंकों से एक प्रवासी हिंदू का अवसर मारा जा सकता है। मैं यह तो नहीं मानता कि ऋषि सुनक और प्रीति पटेल ने बोरिस जॉनसन के मंत्री रहते हुए भारत के लोकतंत्र में नरेंद्र मोदी के प्रयोगों के खिलाफ एलर्जी नहीं दिखा कर अपने राजनीतिक करियर को ब्लॉक किया। बावजूद इसके यह गारंटी से कहा जा सकता है कि जो समाज 'बीबीसी', 'गार्जियन', 'डेली मेल', 'द टाइम्स', 'इकोनोमिस्ट' जैसे मीडिया से देश-दुनिया की खबर रखता है उसके गोरों और मुसलमानों, अश्वेतों सभी में भारत के मोदी राज से कुछ तो हिंदू के प्रति वह निगेटिविटी होगी, जिसे अपने महानायक प्रधानमंत्री चर्चिल की जुबानी 1947 से पहले सुना था। याद करें चर्चिल के ये वाक्य, 'वे जानवर जैसे लोग हैंज.यदि भारत को आजादी दी जाती है, तो सत्ता का पॉवर बदमाशों, दुष्टों, लुटरों के हाथों में होगा। कम बुद्धि के छिछोरे-मूर्ख नेता होंगे। वे बाते मीठी करेंगे और मूर्ख दिल लिए हुए होंगे। वे सत्ता के लिए आपस में लड़ेंगे और भारत एक दिन राजनीतिक झगड़ों में खो जाएगा। एक दिन वह आएगा जब भारत हवा-पानी पर भी टैक्स लगाए हुए होगा'। चर्चिल ने गांधी की लीडरशीप को ले कर भी बहुत कहा था तो भारत के मुसलमानों को हिंदुओं से बेहतर बताया था। (सोचें, यदि सुनक भी मोदी जैसे सोचने वाले हुए तो लंदन में चर्चिल (गांधी-नेहरू की भी लगी हुई है) की मूर्ति हटवा कर वे पटेल की मूर्ति लगवाएंगे या सुभाष बोस की?) बाद में ब्रितानियों और सन् 2020 में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भी भारत की आजादी के संघर्ष तथा गांधी पर चर्चिल के स्टैंड को लेकर सफाई दी थी।

ध्यान रहे बोरिस जॉनसन, ऋषि सुनक उसी कंजरवेटिव पार्टी के नेता हैं, जिसके आदर्श विंस्टन चर्चिल हैं। इसलिए मेरे लिए रोमांच और गौरव दोनों में यही बात बहुत बड़ी है जो हिंदू ऋषि सुनक इस पार्टी के सांसदों में प्रधानमंत्री पद के लिए सर्वाधिक लायक माने गए। जो चर्चिल हिंदुओं को सत्ता के भूखे, ढोंगी, मूर्ख मानते थे उनके गोरे वारिस यदि ऋषि सुनक को लायक मान रहे हैं तो मेरे जैसे सनातनी हिंदुओं के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

महक सेनीटेशन

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कोयला एवं खनन मंत्री को लिखा पत्र

हर माह 1.50 करोड़ टन कोयला प्रदान करने का किया अनुरोध

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज केन्द्रीय कोयला एवं खनन मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के स्टील उत्पादकों को अनवरत रूप से एसईसीएल द्वारा कोयला आपूर्ति करने के लिए एसईसीएल अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एसईसीएल द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी मासिक आवश्यकता लगभग 1.50 करोड़ टन है। एसईसीएल द्वारा छत्तीसगढ़ के स्टील उत्पादक उद्योगों को अगस्त माह से कोयले की आपूर्ति को रोकने के निर्णय राज्य की अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा।

पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि ''छत्तीसगढ़ राज्य मे प्रतिवर्ष 15 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन होता है। कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। राज्य में उत्पादित कोयले का अधिकांश भाग अन्य राज्यों को भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में से है। राज्य में अनेक बड़ी स्टील उत्पादक इकाईयों के अलावा सैकड़ों छोटी इकाईयां भी हैं, जो लाखों लोगों की जीविका का आधार है। विगत लगभग 6 महीनों में देश में कोयले का संकट उत्पन्न होने के कारण देश के अन्य भागों में छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पादित कोयले को प्राथमिकता के आधार पर रेल मार्ग से भेजने के कारण अनेक महीनों से राज्य की यात्री ट्रेनों का परिचालन बन्द है, जिससे लाखों लोगों को असंख्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ रह है।''

मुख्यमंत्री ने कहा है ''कोयले के संकट के कारण ही राज्य के स्टील उत्पादकों एवं अन्य इकाईयों (पावर प्लान्ट्स को छोड़कर) को एसईसीएल द्वारा अगस्त माह से कोयले की आपूर्ति रोकने का निर्णय लिया गया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। पावर प्लांट को छोड़कर अन्य सभी इकाईयों में तालेबंदी की स्थिति बन जाएगी।

मुख्यमंत्री ने आगे पत्र में लिखा है कि ''राज्य के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एसईसीएल द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी मासिक आवश्यकता लगभग 1.50 करोड़ टन है। आप सहमत होंगे कि देश के अग्रणी कोयला उत्पादक राज्य को उसके लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना अत्यन्त दुर्भाग्यजनक निर्णय होगा।

अस्त्र और शस्त्र से अधिक पीड़ादायक है मानसिक तनाव-आचार्य विशुद्ध सागर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सन्मति नगर फाफाडीह में ससंघ विराजित आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने शनिवार को कहा कि जो पीड़ा अस्त्र और शस्त्र से नहीं होती, वह पीड़ा व्यक्ति को मानसिक तनाव से होती है। यदि कोई बाहर से मारना चाहे तो सामने वाला बचता है, लेकिन जो अस्त्र-शस्त्र हमारे मन में है उससे बचने की क्षमता किसी के पास में नहीं है। इस हिंसा को बढ़ावा एकांत दे रहा है। इस हिंसा से बचना चाहते हो तो अनेकांत की दृष्टि खोल दो। जितने विश्व में बाहर से हिंसक हैं वे मन में हिंसा का भाव रखते हैं।

आचार्यश्री ने कहा कि भावों की पीड़ा,क्लेश की पीड़ा,संक्लेषता की प्रवृत्ति से अंतर्मन में जो झुलस रहे, चाहे विषमता के कारण,चाहे धन और धरती के कारण दुखी हो, अपमान से दुखी हो,लेकिन आप किसी को कह नहीं पा रहे,अंदर ही अंदर दुखी हो। यह कष्ट कौन दे रहा है,यहां कोई मारते दिखाई नहीं पड़ रहा,पर पिटाई से आप बच नहीं पा रहे हो। पीड़ा, कष्ट, वेदना,आपत्तियां और विपत्तियां सब पापकर्म के कारण है,इस प्रवृति को छोड़ दो। ऐसा निर्णय लो कि स्वयं से खड़े हो, स्वयं के शरीर में उठने की क्षमता नहीं तो सहारा भी काम नहीं आता है।

सहारा वहीं काम में आता है जब सामर्थ्य आ जाता है। एक समय की पर्याय को समझिए। यदि एक समय की पर्याय चली गई तो कष्ट भी उसके साथ चले जाएगा। जिसके पास धन आएगा उसके पास से गरीबी दीपक के जलने पर अंधकार की भांति दूर हो जाएगी। धन बढ़ने पर दरिद्रता अपने आप चली जाती है और धन की हानि होने पर दरिद्रता अपने पैर पसार लेती है।

मुनिश्री निर्मोह सागर ने कहा कि मनुष्य जन्म मिला है तो सार्थक बना लो। नियमों का पालन करों। देव,धर्म और गुरु की शरण में जाओ। क्या पता पशु बन जाते तो कैसी दशा रहती। जैसे घर में रहकर मंदिर जाने का केवल विचार करने मात्र से हजार उपवास का फल मिलता है। मंदिर जाने के लिए सड़क पर उतर जाने पर लाख उपवास का फल मिलता है। मंदिर में देव दर्शन कर लेने से करोड़ों-करोड़ों उपवास का फल मिलता है। यदि कोई आपको देखकर जाने लग जाए तो पुण्य प्रबल होता है। मंदिर भी जाओ तो कैंची मत बनो सुई धागा बनो। कोई दीप के जगह धूप चढ़ा दे तो रोको मत। किसी से कोई गलती हो जाए तो डांटना नहीं समझना।

चाहे कुछ भी हो जाए हमेशा बनिए बिगडो मत। विशुद्ध वर्षा योग समिति के उपाध्यक्ष अनिल बाकलीवाल, सह सचिव सुमीत पांड्या ने बताया कि आज मंगलाचरण कविता जैन,स्वाति जैन एवं सहयोगियों ने किया। दीप प्रज्वलन,आचार्यश्री का पाद प्रक्षालन और श्रीफल अर्पण राजीव कुमार, प्रवीण कुमार,उमंग कुमार,ऋषभ जैन रानीपुरा वाले भिंड एवं श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर टैगोर के पदाधिकारियों ने किया। महिला मंडल ने शास्त्र भेंट किया। इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर टैगोर नगर के संरक्षक पंडित शरद जैन, अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, उपाध्यक्ष शिशिर जैन, सचिव प्रियांक जैन, ने आचार्यश्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जैन और दिनेश काला ने किया।

खास खबर

साधना अंतरात्मा के बाद रोगों का इलाज करती है - हर्षित मुनि

रायपुर। मद जैनाचार्य रामलाल जी म.सा.के आज्ञानुवर्ती व्याख्यान वाचस्पति शासन दीपक हर्षित मुनि ने कहा कि योग का असर शरीर पर पड़ता है और साधना का असर आत्मा पर। साधना पर प्रयोग होता है तो इसका असर खुद पर पड़ता है, अंतरात्मा पर इसका असर पड़ता है। साधना अंतरात्मा के बाद रोगों का इलाज करती है। समता भवन में चल रहे अपने नियमित प्रवचन में संत ने कहा कि सगे संबंधी इस नश्वर देह के होते हैं, आत्मा का कोई सगा संबंधी नहीं होता। वह अजर अमर है। न वह आग से जलती है ,नहीं मौत से मरती है। उसे कोई डरा भी नहीं सकता। साधना से ही उस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मुनि ने कहा कि जब कहीं दर्द होता है और हम उस पर ध्यान दे रहे हैं तो इस दर्द का अहसास बढ़ जाता है किंतु यदि हम उस पर ध्यान ना देकर कहीं और ध्यान देते हैं तो यह दर्द कहां गायब हो जाता पता ही नहीं चलता। शरीर स्वयं का इलाज स्वयं ही कर लेती है। हर्षित मुनि ने कहा कि हमने अपने शरीर की ताकतों को स्वयं ही सुला दिया है। साधना से इसे सक्रिय किया जा सकता है। हम छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देते हैं इससे ही दर्द बढ़ता है। मन को साधिए ,शरीर को साधिए तो अंतरात्मा भी सध जाएगी। उन्होंने कहा कि हम जितनी छोटी छोटी बातों पर ध्यान देते हैं ,उतना ही हम दुख पाते हैं और यह हमें परेशान करती रहती है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना छोड़िए। उन्होंने कहा कि भावनाओं की कदर करना सीखिए। संबंधों को पैसे से रिश्तों को मत तौलिए। रिश्तों की वास्तविक मिठास भावनाओं से ही आती है। आपका रिश्तेदार कुछ ऐसा दे जाएगा कि पैसे से आप उसे प्राप्त नहीं कर पायेगे। उन्होंने कहा कि आप साधना के लिए समय निकालिए और कम से कम आधा घंटा तो साधना कीजिए। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

प्रोफेशनल कांग्रेस के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में शमिल हुए मुख्यमंत्री, कहा-

छत्तीसगढ़ मॉडल सबका है, देश की संपदा को लगातार बेचना ही शायद गुजरात मॉडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रोफेशनल कांग्रेस के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में शमिल हुए। इस मौके पर एआईपीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद डॉ.शशि थरूर, आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, प्रदेश प्रभारी पी.एल पुनिया, राजीव अरोरा, सलमान जोशी, प्रभारी सचिव चंदन यादव, एआईसीसी की मीडिया प्रभारी ज़रिता लैतफ्लांग, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, विधायक विकास उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष एआईपीसी क्षतिज चंद्राकार उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक डोमनच नृत्य के साथ सम्मेलन में शामिल होने छत्तीसगढ़ आए अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि हमारे नेता राहुल ने 2018 में प्रोफेशनल कांग्रेस का निर्माण किया ताकि समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को उनकी बातों के लिए मंच मिल सके। प्रोफेशनल कांग्रेस के सम्मेलन में पूरे देश से लोग आए हैं। आज देश में अर्थव्यवस्था की चर्चा है। छत्तीसगढ़ की अर्थनीति और छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश में है। जबकि हमारा देश गुजरात मॉडल को भोग रहा है। देश देख रहा है कि गुजरात मॉडल का क्या हश्र हुआ है, आज 9 साल बाद कोई गुजरात मॉडल की चर्चा नहीं करता, जब देश में महंगाई, गरीबी, भुखमरी बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मॉडल, हम सबका मॉडल है जो हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से जोड़ रहा है। जबकि देश की संपदा को लगातार बेचना ही शायद गुजरात मॉडल है। हमारी सरकार ने न्यूनतम आय और न्यूनतम आवश्यकता पर जोर दिया। हमने न्यूनतम आवश्यकता में भोजन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यम क्षमता को बढ़ावा देने का काम किया। योजनाएं बनाईं, उन्हें लागू किया। साढ़े 3 सालों में हमने 12 हजार नालों को चार्ज किया है। पानी है तो जंगल हरे हैं, जंगल में उत्पादकता बढ़ेगा, वनोपज होगी। जलस्तर जहां जहां नीचे गया है, वहां कृषि, उद्योग, व्यापार नीचे गया है। जल प्राथमिक और पहला घटक है इसलिए हमारा नारा है छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी। हमने साढ़े 3 सालों में 75 लाख क्विंटल गोबर खरीदकर उससे 20 लाख क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बनाया।

हम गांवों को उत्पादक और उपभोक्ता दोनों बना रहे हैं। हमने सी-मार्ट शुरू किया है, जहां स्थानीय स्तर पर 600 से ज्यादा प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं उन्हें बेचा जा रहा है। नेशनल और इंटरनेशनल मार्केट में जाने का हमारा प्रयास जारी है। यहां लोगों के चेहरे में खुशी है, आत्मविश्वास है, गर्व है, यह अद्भुत है।

सम्मेलन में अपनी बात रखते हुए एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि थरुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ आकर बहुत अच्छा लग रहा है, मैं यहां की मेहमान नवाजी से अभिभूत हूं। जब हमें लोग पूछते हैं कि आपकी सरकार आयेगी तो किस तरह का काम करेंगे, मैं उन्हे गर्व से छत्तीसगढ़ की मिसाल देता हूं। जिस तरह छत्तीसगढ़ में विकास और बदलाव हो रहे हैं, हम पूरे देश में यह करना चाहते हैं।

हमें संख्या से ज्यादा गुणवत्ता पर केंद्रित होकर काम करना है। आल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के लिए हर राज्य में समर्पित सदस्य बनाने हैं। जो हमारी संस्कृति, परंपरा के प्रति समर्पित रहकर उस आगे ले जाने का काम करें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों, मजदूरों और सभी वर्गों के लिए जिस तरह से कल्याणकारी योजनाएं बनाईं हैं, वह एक मिसाल है। हमें आमजन की जरूरतों को समझकर उनके लिए काम करना है, छत्तीसगढ़ में यही हुआ है। उन्होंने सम्मेलन में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं सांसद राहुल गांधी द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश का वाचन किया। सम्मेलन में एआईपीसी के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

कलेक्टर ने खरोरा में नवनिर्मित महाविद्यालय का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा आज खरोरा के नवनिर्मित महाविद्यालय का अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस महाविद्यालय भवन का 2 अगस्त को लोकार्पण सम्भावित है

कलेक्टर डॉ भुरे ने लोकार्पण से पहले महाविद्यालय में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, बनाए जाने वाले मंच, हेलीपैड, पार्किंग स्थल सहित महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली कनेक्शन, पीएचई विभाग के अधिकारियों से पानी की समस्या, वन विभाग के अधिकारियों से वृक्षारोपण, पीडब्ल्यूडी विभाग सीएमओ, पुलिस विभाग, महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों से कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए निर्देश दिए।

महाविद्यालय में फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम को महाविद्यालय के प्राचार्य से समन्वय करने कहा। उन्होंन प्राचार्य से कहा कि 3 अगस्त से महाविद्यालय का व्यवस्थित रूप से संचालन हो। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार अग्रवाल से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा किया। उन्होंने डीएफओ विश्वेश कुमार से महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्ष रोपण के संबंध में चर्चा किया।

कलेक्टर ने एसडीएम प्रकाश टंडन से कहा कि कृषि, खाद्य, सहकारिता, मत्स्य एवम पशुपालन सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर ले, ताकि हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी मौके पर किया जा सके।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की मासिक बैठक प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव द्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से विगत माह संपन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों के प्रगति प्रतिवेदन पर चर्चा, 9 अगस्त से प्रस्तावित विधानसभा स्तरीय 75 कि.मी. की पदयात्रा पर चर्चा, प्रदेश के समस्त जिला में निर्माणाधीन राजीव भवन की प्रगति पर चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया ने कहा कि हर विधानसभा के शुरुआत और आखिरी के पॉइंट निर्धारित किये जाये। स्वतंत्रता संग्राम के निशानियों का स्मरण, सेनानियों के परिजनों से मुलाकात होना चाहिये। सभी विधानसभा में 75 किमी अनिवार्य यात्रा घूमनी चाहिये। हर बूथ तक यात्रा पहुंचे। महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ यात्रा में जन जागरण करना चाहिये। पदयात्रा हर संयोजक एवं नेता ऐसे गांव या मोहल्ले में रूकेगा जो प्राथमिक रूप से दलित, आदिवासी या किसी अन्य कमजोर वर्ग का होगा। अगले दिन सुबह 6 बजे से प्रभात फेरी निकाली जायेगी। प्रभात फेरी के दौरान राम धुन गाई जायेगी। सभी सदस्य गांधी टोपी पहनेंगे। ये समूह हर जोन, सेक्टर और मतदान केंद्र में जनसंवाद करेंगे। जनसंवाद समूहों में लोगों के साथ संवाद के रूप में होगा, न कि जनसभाओं के रूप में। वो घर-घर जाकर पर्चे बांटेंगे और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयार किये गये फॉर्म भरेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि 9 अगस्त को प्रस्तावित विधानसभा के 75 किमी पदयात्रा के कार्यक्रम, विधानसभा के एक छोर से शुरू करें। 9 से 15 दिन चले। समापन में बड़ी सभा हो। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय राहुल गांधी के संदेश सरकार के कार्यक्रमों का पाम्पलेट वितरण करें। तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया है। आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने शुरू किया। हमें तिरंगा कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना है। जिसका तिरंगा से कुछ लेना देना नहीं वे तिरंगा के नाम पर पाखंड कर रहे। हमने तिरंगा को पहले अंगीकार किया। 15 को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम चलेगा। सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से पदयात्रा में शामिल हो। भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत तक मंडल सेक्टर एवं मतदान केंद्रों में गठित किये गये समूह पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को पहुंचाने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। वो महंगाई, बेरोजगारी आदि के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि हर दिन यात्रा में कम से कम 200 लोग तिरंगा झंडा लेकर चलेंगे। शाम को विश्राम देश भक्ति कार्यक्रम। प्रभात फेरी सुबह, श्रमदान करेंगे। हर दिन अलग-अलग लोग नेतृत्व करें। शासन की योजनाओं के लिये रथ, वरिष्ठ कांग्रेसजनों का सम्मान। यात्रा ग्रामीण बस्ती में रात्रि विश्राम करें। जनसंवाद हो। सभी यात्री गांधी टोपी पहने।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब तक 557.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 557.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 30 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1427.7 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 200.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 222.7 मिमी, सूरजपुर में 294.0 मिमी, जशपुर में 281.5 मिमी, कोरिया में 325.3 मिमी, रायपुर में 370.4 मिमी, बलौदाबाजार में 539.5 मिमी, गरियाबंद में 640.4 मिमी, महासमुंद में 559.6 मिमी, धमतरी में 667.2 मिमी, बिलासपुर में 601.9 मिमी, मुंगेली में 619.1 मिमी, रायगढ़ में 522.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 664.4 मिमी, कोरबा में 432.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 535.2 मिमी, दुर्ग में 506.8 मिमी, कबीरधाम में 544.5 मिमी, राजनांदगांव में 593.2 मिमी, बालोद में 682.9 मिमी, बेमेतरा में 385.4 मिमी, बस्तर में 707.8 मिमी, कोण्डागांव में 641.5 मिमी, कांकेर में 768.2 मिमी, नारायणपुर में 589.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 744.0 मिमी और सुकमा में 544.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

सितंबर में आरएसएस की बैठक,संघ प्रमुख भी हो सकते हैं शामिल

रायपुर (ए)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की सितंबर 2022 में रायपुर में बैठक होने वाली है। इसमें संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी शामिल हो सकते हैं। स्वयं सेवक इस बैठक के लिए तैयारियां करने में जुट गए हैं। बताया जाता है कि राजधानी के माना विमानतल के सामने स्थित मानस भवन में बैठक का आयोजन करने के लिए योजना है। हालांकि सितंबर में बैठक किस दिन होगी अभी तय नहीं हो पाया है। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि यह बैठक बेहद अहम होगी। प्रदेश में आरएसएस की गतिविधियों को लेकर संघ प्रमुख तीन से चार दिन तक चर्चा कर सकते हैं। बैठक में समसामायिक मुद्दों से लेकर मतांतरण जैसे विषयों पर भी रणनीति बन सकती है। इसमें प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारी व स्वयं सेवक शामिल होंगे। आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक से पहले चाहे विश्व हिंदू परिषद हो, भारतीय किसान संघ हो सभी की सक्रियता प्रदेश में बढ़ गई है। यहां तक कि पिछले दिनों विश्व हिंदू परिषद और भारतीय किसान संघ की राष्ट्रीय स्तर की बैठकें भी रायपुर में हो चुकी हैं॥

साइबर अपराध पर लोगों को जागरूक करने पुलिस चलाएगी अभियान

रायपुर (ए)। लोगों को जागरूक कर साइबर अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस की तरफ से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राजधानी में आए दिन ठग नए-नए तरीके से लोगों को फंसा कर ठगी कर रहे हैं। ठग कभी बैंक कर्मचारी बनकर तो कभी गिफ्ट भेजने का लालच देकर पढ़े-लिखे लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से लोगों को जागरूक करने अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में 15 अगस्त से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूल, कालेज, सोसायटियों में जाकर साइबर ठगों से बचने के उपाय बताए जाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए शहर के स्वयंसेवी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रायपुर कीर्तन राठौर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर ने 20 स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

यूपीएससी कोचिंग हेतु रायपुर में पहली बार आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा

छत्तीसगढ़ के परीक्षार्थियों को मिली सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के प्रयासों के चलते आज 30 जुलाई को रायपुर के प्रोफेसर जे. एन. पांडेय, शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय में, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया द्वारा वर्ष 2022-2023 के लिए यूपीएससी परीक्षा की कोचिंग एवं गाइडेंस सेल हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य के 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई में, यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली आईएएस एवं इंडियन अलाइड सर्विसेस की परीक्षा में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए कोचिंग एवं गाइडेंस सेल का संचालन किया जाता है। उक्त कोचिंग एवं गाइडेंस सेल में सत्र 2022-23 में प्रवेश के लिए आज पूरे देश में कुल 13 स्थानों पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है, जिसमें रायपुर भी शामिल है। इस परीक्षा में भाग लेने हेतु प्रदेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राज्य हज कमेटी ने प्रयास कर रायपुर सेंटर निर्धारित कराया। रायपुर में आज पहली बार प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन हुआ। इसके पूर्व राज्य के विद्यार्थियों का परीक्षा सेंटर मुंबई निर्धारित था। रायपुर में इस परीक्षा के आयोजन से सभी विद्यार्थियों को काफी सहूलियत हुई।

परीक्षा का आयोजन प्रोफेसर जे. एन. पांडेय, शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय के प्राचार्य एम. आर. सावंत व सहयोगी शिक्षकों द्वारा पूरा किया गया। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद असलम खान, सचिव साजिद मेमन, हाजी ज़फ़र अमजद, जे. एन. पांडेय, शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय के प्राचार्य एम. आर. सावंत व सहयोगी शिक्षक, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया से आये पर्यवेक्षक वसीम अहमद सहित छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में मंकीपॉक्स नहीं, संदिग्ध छात्र की जांच रिपोर्ट आई निगेटिव

शरीर के दाने भी सूखे, अस्पताल से दी गई छुट्टी

रायपुर (ए)। मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। नेशनल इंस्टीयूट ऑफ वॉयरोलॉजी लैब से शनिवार को उसकी रिपोर्ट आ गई। उसके शरीर पर पड़े दानों के मुरझा जाने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस 13 साल के बच्चे को पांच दिन पहले रायपुर के डॉ. भीमराव आम्बेडकर अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया था।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया, मंकीपॉक्स के संदेहास्पद मरीज की जांच NIV पुणे से कराई गई। उपचार के बाद अब वह स्वस्थ हो चुका है। सिंहदेव ने कहा, यह इत्मिनान की बात है कि छत्तीसगढ़ अभी इस बीमारी से अछूता है, मगर हम सभी को एहतियात बरतने की आवश्यकता है। सभी से अनुरोध है कि बीमारी के कोई भी लक्षण पाए जाने पर नज़दीकी अस्पताल में संपर्क करें और गम्भीरता से इसकी जांच करवाएं।

मूल रूप से कांकेर का रहने वाला यह छात्र जैतूसाव मठ के छात्रावास में रहता है। उसके शरीर पर लाल दाने दिखाई दिए। 25 जुलाई को उसे जिला अस्पताल के चर्म रोग विभाग की ओपीडी में दिखाया गया। वहां मंकीपॉक्स संदिग्ध मानकर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज जाने को कहा। 26 जुलाई को उसे मेडिकल कॉलेज से संबद्ध डॉ. भीमराव आम्बेडकर अस्पताल की ओपीडी में दिखाया गया।

यहां शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर लिया। प्रोटोकाल के मुताबिक मरीज के सैंपल को जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉयरोलाजी के लैबोरेटरी भेजा गया। उसकी रिपोर्ट शनिवार को आई।

बच्चे को स्किन इंफेक्शन ही था

डॉक्टरों ने बताया, बच्चे को खुजली जैसी बीमारी ही थी। चर्म रोग के विशेषज्ञों के परामर्श पर उसे 26 जुलाई से ही स्किन इंफेक्शन की दवाएं दी जा रही थीं। शुक्रवार तक उसके दाने और घाव सूख चुके थे। डॉक्टरों को बस उसकी रिपोर्ट का इंतजार था। वहां से रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद उसे छुट्टी दी गई।

गांव में भी जांच के लिए पहुंची थी टीम

छात्र में मंकीपॉक्स जैसे लक्षण दिखने के बाद स्वास्थ्य विभाग की एक टीम कांकेर के चारामा स्थित उसके गांव भी पहुंचा। विभाग की स्पेशल टीम ने वहां छात्र के संपर्क में आए लोगों की जांच की। छात्र की मां, दादा और बहन के अलावा परिवार के अन्य सदस्य व आसपास के लोगों समेत कुल 13 लोगों की जांच की गई। किसी में भी वैसे लक्षण दिखाई नहीं दिए। वहां पता चला कि छात्र के शरीर पर दाने डेढ़ महीने पहले से थे। उसने वहां एक निजी क्लिनिक में इलाज कराया था। पूरी तरह ठीक होने से पहले ही उसे पढ़ने के लिए रायपुर भेज दिया गया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर व पार्षदों ने की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में रायपुर नगर पालिक निगम के महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में आए निगम के पार्षदों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और आल इंडिया महापौर संघ के अध्यक्ष नवीन जैन भी मौजूद थे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अगस्त माह में रायपुर में होने वाली आल इंडिया मेयर इन काउंसिल के सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद दिया। इस दौरान ऑल इंडिया मेयर काउंसिल के सेक्रेटरी मनोज गुप्ता, विनोद जैन, रायपुर नगर निगम पालिक के पार्षदगण सुंदर जोगी, आकाश तिवारी, श्रीकुमार मेनन, मन्नु विजेता यादव एवम राधेश्याम विभार मौजूद थे।

दो चिटफंड कंपनियों ने अभनपुर में खरीदी जमीन, नीलामी से मिले 2 करोड़ रुपए

रायपुर (ए)। दुर्ग की 2 चिटफंड कंपनियों ने दुर्ग के लोगों को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर 5 करोड़ से ज्यादा का निवेश कराया। फिर इसी रकम से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में जमीन खरीदी। शुष्क इंडिया और उसकी सहायक कंपनी साइनिंग स्टार इंफ्रास्टेट प्राइवेट लिमिटेड चिटफंड कंपनी ने अभनपुर और आरंग में अलग-अलग जमीन खरीदी। बाद में कंपनी अपना कारोबार समेट कर भाग गई। दोनों कंपनियों के खिलाफ मोहननगर थाना दुर्ग में एफआईआर दर्ज है।

नया चिटफंड कानून बनने के बाद दुर्ग जिले के कलेक्टर ने आरंग और अभनपुर की जमीन कुर्क कर ली और रायपुर कलेक्टर को दोनों जमीन नीलाम करने के लिए चिट्ठी लिखी। दुर्ग कलेक्टर की अनुशंसा के बाद रायपुर कलेक्टर ने इसी हफ्ते दोनों जमीन की नीलामी कराई। आरंग और अभनपुर एसडीएम ने दोनों नीलामी कराई। जमीन खरीदने के लिए वहां के लोगों ने जबरदस्त दिलचस्पी दिखाई।

ऑफसेट प्राइस से लगभग दोगुनी कीमत में जमीन बिकी। दोनों जमीन की नीलामी से 2.10 करोड़ रुपए मिले। अब इस रकम को दुर्ग कलेक्टर को भेजा रहा है। दोनों कंपनियों में निवेश करने वाले दुर्ग के लोगों को यह रकम बांटी जाएगी। करीब एक महीने में यह रकम दुर्ग प्रशासन के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ के बच्चों में लर्निंग लॉस में आया सुधार

90 प्रतिशत विद्यार्थी अपने कक्षा स्तर पर पहुंचे

लर्निंग लॉस के विद्यार्थियों का आंकड़ा 51 से घटकर 7 प्रतिशत पर पहुंचा

ब्रिज कोर्स और नवाजतन कार्यक्रमों से लर्निंग लॉस में आया तेजी से सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कोरोना काल के कारण बच्चों में हुए लर्निंग लॉस में छत्तीसगढ़ में अपनाई गई उचित रणनीति और सतत् प्रयास से तेजी से सुधार हुआ है। लर्निंग लॉस के आकलन के लिए 27 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों पर किए गए सर्वे के अनुसार अब लर्निंग लॉस के विद्यार्थियों का आंकड़ा 51 से घटकर 7 से 8 प्रतिशत रह गया है। वार्षिक परीक्षा के आधार पर 90.13 प्रतिशत विद्यार्थी अपने कक्षा स्तर पर आ गए हैं। इसके साथ ही न्यूनतम व प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों का प्रतिशत घटकर लगभग 4 प्रतिशत रह गया है।

कोरोना काल में लंबे समय से स्कूलों के बंद रहने के कारण कई प्रयासों के बाद भी बच्चों में लर्निंग लॉस देखा गया। इसके आकलन के लिए राज्य स्तरीय आकलन प्रणाली में बड़ा बदलाव लाते हुए उसे नया स्वरूप दिया गया। एससीईआरटी द्वारा प्रश्न पत्रों के परम्परागत पैटर्न में बड़ा बदलाव लाया गया। एनआईसी की सहयोग से ऑनलाईन ऑटोमेटेड असेसमेंट एनालिसिस सिस्टम तैयार किया गया है। इससे सुनिश्चित किया जा सका कि विद्यार्थी अपनी कक्षा स्तर से कितने स्तर नीचे है।

कोरोना काल के बाद प्रथम आकलन में पाया गया कि 51 प्रतिशत विद्यार्थी अपनी कक्षा के लायक नहीं थे। इस लर्निंग लॉस की बड़ी चुनौती को शिक्षा सचिव एस. भारतीदासन और संचालक राजेश सिंह राणा ने स्वीकार करते हुए कई कार्यक्रम शुरू किए। विद्यार्थियों को अपने कक्षा स्तर पर लाने के लिए 'ब्रिज कोर्स' (सेतु पाठ्यक्रम) का निर्माण किया गया तथा शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा उपचारात्मक शिक्षण हेतु 'नवाजतन' कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्कूल मॉनिटरिंग को सशक्त किया गया। परिणाम स्वरूप मिडलाइन टेस्ट (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) में 75.13 प्रतिशत विद्यार्थी अपने कक्षा स्तर पर पहुंच गए तथा वे 29 प्रतिशत विद्यार्थी जो लगभग प्रारंभिक स्तर पर पहुंच गए थे उनकी संख्या घटकर 11 प्रतिशत पर आ गई। इसी तरह एंडलाइन टेस्ट (वार्षिक परीक्षा) में 90.13 प्रतिशत विद्यार्थी अपने कक्षा स्तर पर आ गए तथा न्यूनतम/प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों का प्रतिशत घटकर लगभग 4 प्रतिशत रह गया।

छत्तीसगढ़ की इस सफलता की देशभर में तारीफ हुई है। नीति आयोग से लेकर राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान परिषद ने छत्तीसगढ़ की तारीफ करते हुए यहां के शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने के उपायों को कारगर बताया है।

गौरतलब है कि कोरोना काल में जब शिक्षण संस्थाएं अनिश्चित काल के लिए बंद कर दी गई थी, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला द्वारा एक माह से भी कम समय में 'पढ़ई तुंहर दुआर' ऑनलाईन शिक्षा पोर्टल का निर्माण कर ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया। पहली से 12 तक की सभी पाठ्यपुस्तकों को इस पोर्टल पर अपलोड किया गया ताकि कोई भी विद्यार्थी अपने मोबाईल पर इसे आसानी से पढ़ सके। कोविड संक्रमण कम होते ही मोहल्ला कक्षा, लाउडस्पीकर कक्षा, अंगना म शिक्षा जैसे नवाचारी ऑफलाईन शिक्षण माध्यमों को अपनाया गया।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

एमएस धोनी से लेकर भूल भुलैया 2 तक, इन फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से दिल जीत चुकी हैं कियारा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। मौजूदा समय में वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस हैं। हर साल 31 जुलाई को वह अपना जन्मदिन मनाती हैं। इस बार वह अपना बर्थडे सेलिब्रेट करने एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ दुबई पहुंची हैं। उनके पिता एक बिजनेसमैन हैं और मां एक शिक्षिका हैं। उनका जन्म मुंबई में हुआ और इसी शहर में वह पली बढ़ीं। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम आलिया हुआ करता था लेकिन डेब्यू से ठीक पहले उन्होंने अपना नाम बदलकर कियारा रख लिया है। कियारा को फिल्म इंडस्ट्री में आए 8 साल हो चुके हैं। आज उनके जन्मदिन पर हम उनकी हिट फिल्मों के बारे में बताएंगे जिसे आप ओटीटी पर कभी भी देख सकते हैं।

एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी

कियारा आडवाणी के करियर की यह दूसरी फिल्म थी। इस फिल्म में उन्होंने धोनी की पत्नी का रोल निभाया था। फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत धोनी के किरदार में दिखे थे। बॉक्स ऑफिस पर 133 करोड़ के कलेक्शन के साथ यह फिल्म सेमी-हिट साबित हुई थी। इस फिल्म को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जा सकता है।

कबीर सिंह

शाहिद कपूर स्टारर कबीर सिंह कियारा के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म है। इस फिल्म में वह सीधी-सादी लड़की के किरदार में नजर आई थीं। दर्शकों ने उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। संदीप वांगा रेड्डी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने कुल 278 करोड़ का कलेक्शन किया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर आप कभी भी देख सकते हैं।

गुड न्यूज

कियारा की यह फिल्म जबरदस्त कॉमेडी से भरपूर थी। फिल्म में कियारा के अलावा अक्षय कुमार, करीना कपूर और दिलजीत दोसांज लीड रोल में नजर आए थे। इसका निर्देशन राज मेहता ने किया था। 205 करोड़ रूपए के कलेक्शन के साथ यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। जी5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस फिल्म का लुत्फ उठाया जा सकता है।

भूल भुलैया 2

हाल ही में रिलीज हई भूल भुलैया 2 ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस फिल्म में वह कार्तिक के अपोजिट नजर आई थीं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। भूल भुलैया 2 ने कुल 185 करोड़ का बिजनेस किया था जिसकी वजह से इसे ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी आ चुकी है। इसे नेटफ्लिक्स पर कभी भी देखा जा सकता है।

अपनी फिल्मों के लिए मोटी फीस वसूलती थीं मुमताज इस बड़े एक्टर को गिफ्ट की थी मर्सिडीज

अभिनेत्री मुमताज अपने दौर की दिग्गज अभिनेत्रियों में शुमार रही हैं। फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने बतौर बला कलाकार अपनी अभिनय पारी शुरू कर दी थी। हालांकि, अभिनेत्री का शुरुआती करियर काफी संघर्ष भरा रहा। लेकिन, पहली हिट फिल्म मिलने के बाद इनका करियर खूब परवान चढ़ा। फिर तो इनकी सफलता का आलम यह हुआ कि ये अपने दौर की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री बनीं। इतना ही नहीं, इन्होंने सदी के शहशांह अमिताभ बच्चन को उस दौर में मर्सिडीज कार भी तोहफे में दी थी। आज मुमताज का जन्मदिन है।

12 साल की उम्र में शुरू किया करियर

दिग्गज अभिनेत्री मुमताज के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुमताज के माता-पिता ईरान के रहने वाले थे। मुमताज के जन्म के एक साल बाद इनके माता-पिता ने तलाक ले लिया था। गरीबी की वजह से मुमताज और उनकी बहन ने फिल्मों में काम करने का फैसला लिया था। मुमताज ने महज 12 साल की उम्र में ही फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख दिया था। मगर उनका सफर इतना आसन नहीं था। बताया जाता है कि शुरुआती दिनों में वह अपनी छोटी बहन मल्लिका के साथ स्टूडियोज के चक्कर लगाया करती थीं और किसी भी तरह के छोटे-मोटे रोल के लिए राजी हो जाया करतीं। मुमताज ने अपने करियर की शुरुआत एक स्टंट अभिनेत्री के रूप में की थी।

दारा सिंह के साथ से चमकी किस्मत

बतौर लीड मुमताज की पहली फिल्म 'गहरा दाग' थी, जो 1963 में आई थी। साल 1963 में ही आई एक फिल्म 'फौलाद' में मुमताज ने दारा सिंह के अपोजिट काम किया था। इसी फिल्म ने मुमताज के करियर को रफ्तार दी और फिर उनके पास फिल्मों की लाइन लगने लगीं। एक इंटरव्यू के दौरान मुमताज ने कहा था, 'दारा सिंह के साथ काम करने के बाद मेरे पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। मैं उनकी हमेशा शुक्ररगुजार हूंगी।' इसके बाद मुमताज ने दारा सिंह के साथ करीब 16 फिल्मों में काम किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक उस दौर में दारा सिंह एक फिल्म के लिए बतौर फीस 4.5 लाख रुपए लेते थे। वहीं मुमताज एक फिल्म के लिए 2.5 लाख रुपए चार्ज करती थी। उस दौर में इतनी रकम लेने वाली मुमताज पहली एक्ट्रेस थी। इस तरह वे हिंदी सिनेमा के इतिहास की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस बन गई थीं।

साल 1973 में मुमताज ने अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म में काम किया। कहा जाता है कि तब अमिताभ इंडस्ट्री में नए थे। उस दौर में भी मुमताज मर्सिडीज कार लेकर सेट पर आती थी। उस दौरान मुमताज अकेली ऐसी एक्ट्रेस थीं, जिनके पास इतनी महंगी कार थी। वहीं बिग बी साधारण कार से सेट पर आते थे। एक दिन सेट पर अमिताभ अपने साथ बैठे लोगो से कहा की एक दिन उनके पास भी मर्सिडीज होगी। जब मुमताज को पता चला की अमिताभ मर्सिडीज जैसी गाड़ी की चाह रखते है तो उन्होंने अमिताभ को अपनी मर्सिडीज गिफ्ट कर दी थी। शूटिंग खत्म होने के बाद मुमताज अमिताभ की कार लेकर घर चली गई थीं, जबकि उसकी जगह पर उन्होंने अपनी मर्सिडीज की चाभी रख दी थी। अमिताभ इस बात से हैरान रह गए थे।

सेट पर जानलेवा हादसेः टीपू सुल्तान के सेट पर आग ने ली थी 50 जानें, देवदास के सेट पर हुई थी 2 की मौत

रणबीर और श्रद्धा कपूर स्टारर लव रंजन की फिल्म के सेट पर आग लग गई। शुक्रवार को हुई इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। 33 वर्षीय मनीष सेट पर काम कर रहे थे इसी दौरान आग तेजी से फैल गई। अस्पताल ले जाने पर मनीष को मृत घोषित कर दिया गया।

आग अंधेरी वेस्ट स्थित चित्रकूट स्टूडियो में लगी थी। हालांकि इससे पहले भी फिल्मों और टीवी सीरियल्स के सेट्स पर आग लगने की घटनाएं होती रही हैं। जिससे प्रोड्यूसर्स का नुकसान तो होता ही है साथ ही वहां काम कर रहे लोगों को भी जान गंवानी पड़ी है। पहली बार दादा साहब फाल्के की फिल्म राजा हरिशचंद्र की प्रिंट में लगी थी इस घटना के बाद पूरी फिल्म को दोबारा शूट करना पड़ा था वहीं देवदास के सेट पर आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह द स्वॉर्ड ऑफ टीपू सुल्तान के सेट पर आग लगने से 50 लोगों की जान चली गई थी।

'द स्वॉर्ड ऑफ टीपू सुल्तान'

किसी टीवी शो पर आग लगने की ये पहली और भयानक घटना थी। टीवी शो 'द स्वॉर्ड ऑफ टीपू सुल्तान' के सेट पर भीषण आग लगने से लगभग 50 लोगों की मौत हो गई थी। ये काफी बड़ा हादसा था। इस हादसे में फिल्मों से टीवी में आए एक्टर संजय खान भी बुरी तरह झुलस गए थे। जिसके चलते उन्हें 13 दिनों में 73 सर्जरी करवानी पड़ी थी। हादसे में एक्ट्रेस नीना गुप्ता की जान बाल-बाल बची थी।

राजा हरिशचंद्र

फिल्मों के सेट पर हादसा होने की लिस्ट में पहला नाम फिल्म 'राजा हरिशचंद्र' का आता है। ये हादसा फिल्म बनने के कुछ साल बाद हुआ था। सन् 1917 में फिल्म के आखिरी प्रिंट में आग गई थी। जब ये हादसा हुआ उस वक्त फिल्म के प्रिंट को एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा रहा था। प्रिंट में आग लगने के बाद फिल्म के डायरेक्टर दादा साहब फाल्के ने फिल्म को फिर से शूट किया था, जो आज भी मौजूद है।

मदर इंडिया

फिल्म 'मदर इंडिया' के सेट पर भीषण आग तब लगी थी, जब नरगिस और सुनील दत्त फिल्म में आग का सीन शूट कर रहे थे। उस सीन में सुनील दत्त को नरगिस को आग से बचाना था। आग इतनी फैल गई थी कि नरगिस की जान



खतरे में पड़ गई तब सुनील दत्त ने फौरन एक कंबल लेकर नरगिस के चारों ओर लपेट दिया और उन्हें सुरक्षित बचाकर बाहर ले आये। इस हादसे में सुनील दत्त थोड़ा जख्मी हो गए थे, लेकिन नरगिस सुरक्षित बाहर आ गई थीं।

देवदास

2002 में रिलीज हुई इस फिल्म की शूटिंग के दौरान कई हादसे हुए। फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर आग लग जाने से 2 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह इसी साल भंसाली की दूसरी फिल्म हम दिल दे चुके सनम के सेट पर भी आग लग गई थी।

ब्लैक

मुंबई में साल 2004 में डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'ब्लैक' के सेट पर भीषण आग लग गई थी। इस हादसे में फिल्म के ज्यादातर गैजेट्स खत्म हो गए थे। हादसे में कुछ घायल भी हुए थे।

दबंग 2

2012 में मुंबई के महबूब स्टूडियो में शूट हो रही फिल्म 'दबंग 2' के सेट पर आग गई थी। उस वक्त सलमान खान सेट भी सेट पर शूटिंग में बिजी थे। रिपोर्ट्स की माने तो सेट पर शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हादसे में सलमान खान बाल-बाल बचे थे।

मैं तेरा हीरो

फिल्म 'मैं तेरा हीरो' के शूटिंग सेट पर उस समय हादसा हुआ जब सेट पर शूटिंग के लिए कई लोग मौजूद थे। इस फिल्म में एक्टर वरुण धवन लीड रोल में थे और वो फिल्म की शूटिंग बैंकॉक में कर रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार सेट पर वैनिटी वैन से जुड़े एक जनरेटर में आग लग गई थी और वो आग सेट तक फैल गई। हादसे के दौरान कुछ लोग बेहोश हो गए थे, उसके बाद सेट को फौरन खाली कराया गया था।

एबीसीडी 2

एक्टर वरुण धवन और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म 'एबीसीडी 2' के सेट पर भी आग लग गई थी और ये हादसा तब हुआ जब शूटिंग के लिए सेट पर 600 लोग मौजूद थे। हालांकि आग लगने के फौरन बाद सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया था। इस हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई थी।

कॉमेडी नाइट्स विथ कपिल

2013 में गोरेगांव फिल्म सिटी में टीवी शो कॉमेडी नाइट्स विद कपिल के सेट में भीषण आग लग गई थी। आग लगने से मेकर्स को सेट के फिर से बनने तक अपनी शूटिंग को दूसरी जगह पर करना पड़ा जिससे उन्हें खासा नुकसान हुआ था। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

प्रोफेशनल लाइफ को लेकर नागा चैतन्य का बयान

मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे काम के बारे में बात करना शुरू करेंगे

नागा चैतन्य इन दिनों अपनी अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' को प्रमोट कर रहे हैं। एक्टर ने प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में कहा कि उनकी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा लोग उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में बातें करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि लोग उनके काम के बारे में भी बात करें।

नागा की प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ चर्चा में

नागा ने एक इंटरव्यू में कहा, मेरी फिल्मों से ज्यादा लोग मेरी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करते हैं। यह बेहद दुख की बात है लेकिन अभी समय ऐसा ही है और कुछ मीडिया सेक्शन भी इसी तरह की रिपोर्ट करना पसंद कर रहे हैं। हर किसी के अपने अलग रास्ते होते हैं। हालांकि, एक एक्टर के तौर पर यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं हार्ड वर्क करता रहूं। एक न एक दिन मेरी मेहनत का फल मुझे मिलेगा।

मुझे उम्मीद है लोग मेरे काम के बारे में बात करेंगे-नागा

नागा ने बातचीत के दौरान आगे कहा, मैं इस बारे में पॉजिटिव रहना चाहता हूं। 11 अगस्त के बाद से शायद मेरे लिए चीजें बदल जाएं और मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे पसंद करेंगे। साथ ही वो मेरे काम के बारे में भी बात करना शुरू कर देंगे। नागा ने 'लाल सिंह चड्ढा' के बारे में बात करते हुए कहा, यह एक बड़ी रिलीज है। ओपनिंग के मामले में मुझे ज्यादा एक्सपोजर मिलेगा और यह सिर्फ उन लोगों की वजह से है, जिनसे मैं इस प्रोजेक्ट के दौरान मिला हूं। मैं अच्छी वाली नर्वसनेस फील कर रहा हूं। जब इस तरह की फिल्में आती है तो यह सुनामी की तरह होती हैं, इन्हें कोई नहीं रोक सकता है। मैं इस बारे में कॉन्फिडेंट हूं कि हमारी फिल्म भी ऐसा कुछ करने में कामयाब हो।

अक्टूबर 2021 में सामंथा से अलग हुए थे नागा

बता दें, नागा चैतन्य पिछले साल अक्टूबर में सामंथा रुथ प्रभु से अलग हुए हैं। तब से उनकी पर्सनल लाइफ चर्चाओं में हैं। दोनों ने कई साल तक डेट करने के बाद अक्टूबर 2017 में ग्रैंड वेडिंग की थी। हाल ही में सामंथा ने नागा से अलग होने के बाद नया घर भी खरीदा है।

'लाल सिंह चड्ढा' नागा की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म

नागा चैतन्य 'लाल सिंह चड्ढा' से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को आमिर खान प्रोडक्शन, किरण राव और वायाकॉम 18 ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। नागा के अलावा फिल्म में आमिर खान, करीना कपूर खान और मोना सिंह भी लीड रोल में हैं। यह फिल्म टॉम हैंक की अकेडमी अवॉर्ड विनिंग फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का हिंदी रीमेक है।

'पठान' के बाद शाहरुख की इस आगामी फिल्म में भी नजर आएंगी दीपिका

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी करियर की शुरुआत शाहरुख खान संग फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी और पहली ही फिल्म से दीपिका इंडस्ट्री से लेकर फैंस तक की नजरों में छा गई थीं और एक बार फिर से फिल्म 'पठान' के लिए दोनों साथ हैं। किंग खान और दीपिका पादुकोण को स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि फिल्म 'पठान' के बाद दीपिका शाहरुख खान की एक और आगामी फिल्म में एंट्री करने वाली हैं।

पठान के बाद शाहरुख की इस फिल्म में नजर आएंगी दीपिका

फिल्म पठान का टीजर में दीपिका पादुकोण का दमदार अंदाज नजर आया है, जिसे देखने से ही पता चल रहा है कि इस फिल्म में वह किसी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। फिलहाल बात करें लेटेस्ट अपडेट की तो रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका पादुकोण फिल्म पठान के बाद किंग खान की 'जवान' में भी नजर आ सकती हैं।

शाहरुख खान की फिल्म पठान अगले साल यानी 2023 में जनवरी में रिलीज होने वाली है। हालांकि अभिनेता शाहरुख इसके साथ ही 'जवान' पर भी काम कर रहे हैं। अगर रिपोर्ट्स की मानी जाए तो शाहरुख खान और फिल्ममेकर एटली के साथ 'जवान' में दीपिका को कास्ट करने के लिए बातचीत चल रही है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक इस फिल्म में अभिनेत्री का छोटा लेकिन अहम किरदार होने वाला है। जानकारी के मुताबिक, इस बारे में मीटिंग्स की जा रही हैं जिसमें रोल और डेट्स पर चर्चा चल रही है।

बात करें फिल्म 'जवान' की तो इसमें शाहरुख खान के अलावा राणा दग्गुबाती, सुनील ग्रोवर, सान्या मल्होत्रा, नयनतारा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 2 जून, 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

मलेरिया, डेंगू से बचाव जागरूकता रथ 100 गांवों में पहुंचेगी

जगदलपुर। एम्बेड-मलेरिया और डेंगू प्रचार रथ को कलेक्टर चंदन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गोदरेज-एम्बेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत संचालित जागरुकता रथ जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र के साथ ही जिले के 100 गांवों में पहुंचेगी और लोगों को मलेरिया व डेंगू से बचाव के लिए जागरुक करेगी। मिली जानकारी के अनुसार एम्बेड परियोजना का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य के दो जिले बस्तर जिले के 100 गांवों और कोंडागांव जिले के 100 सबसे मलेरिया प्रभावित गांवों में नवंबर 2019 से गोदरेज और फैमिली हेल्थ इंडिया के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा है। एम्बेड परियोजना के माध्यम से लोगो के व्यवहार में मलेरिया से बचने के उपायों और उपचार के संबंध में जन जागरूकता लाने के साथ, समय पर मलेरिया की जांच, सम्पूर्ण इलाज और लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए जागरुक किया जा रहा है।

कलेक्टर कदमझरिया और छातासरई के पहाड़ी कोरवाओं के बीच पहुंचे

कोरबा। कलेक्टर संजीव झा ने आज विकासखण्ड कोरबा के दूरस्थ वनांचलों में स्थित ग्राम कदमझरिया और ग्राम छातासरई पहुंचकर वहां निवासरत् पहाड़ी कोरवा जनजाति के सदस्यों से मुलाकात की। कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्र में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई। उन्होंने पहाड़ी कोरवा सदस्यों से उनकी बसाहटों में बिजलीए पानी, आवास के साथ-साथ रोजगार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से पूछा। कलेक्टर झा ने जाति प्रमाण पत्र और वन अधिकार पट्टा से वंचित पहाड़ी कोरवा सदस्यों का शिविर लगाकर राशन कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और वन अधिकार पट्टा बनाने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनजातीय सदस्यों को स्वरोजगार से जोड़कर विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के निर्देश अधिकारियो को दिए। उन्होंने पहाड़ी कोरवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, सब्जी उत्पादन तथा मशरूम उत्पादन जैसे कामों से जोड़ने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बकरी पालन करने के लिए प्रोत्सहित करने और पशुधन विकास विभाग की ओर से सरकारी सहायता देने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए।

ओआरएस मात्र एक घोल या पानी नहीं अपितु जीवन रक्षक औषधि है

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पंडित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के बाल एवं शिशु रोग विभाग तथा सीएसआर विभाग ने मिलकर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए दिनांक 29 जुलाई, 2022 को ग्राम कोडिया, जिला दुर्ग में ओआरएस दिवस का आयोजन किया।

ग्राम कोडिया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को ओआरएस यानी जीवन रक्षक घोल के महत्व एवं उपयोग के बारे में जेएलएन अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञों एवं नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं प्रदर्शनी के माध्यम से जागरूक किया गया।

उल्टी दस्त होने पर शरीर में पानी एवं लवण की कमी हो जाती है, जिसके कारण रक्त चाप कम हो जाता है और गुर्दा काम करना बंद कर देता है, जिससे मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। लोगों को ओआरएस की जानकारी होते हुए भी लोग इसे मात्र पानी या एक घोल समझते हैं और इसको महत्व नहीं देते है। ओआरएस एक जीवन रक्षक औषधि है जिसे नियमित रूप से सही मात्रा में मरीज को देते रहने से उल्टी दस्त के मरीज की स्थिति को गंभीर होने से बचाया जा सकता है।

शिशु रोग विशेषज्ञ व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन एस ठाकुर द्वारा ओआरएस दिवस के महत्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया गया। डॉ कौशिक किशोर एवम डॉ देवी प्रसाद द्वारा विद्यार्थियों को ओआरएस घोल बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के स्वास्थ्य और जीवन-रक्षक घोल से संबंधित सभी संदेह को दूर किया गया एवं विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित शिक्षा प्रदान किया गया। सीएसआर विभाग की कार्मिक श्रीमती रजनी रजक द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम से ओआरएस घोल की उपयोगिता एवम आवश्यकता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

यह कार्यक्रम पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवम अनुसंधान केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रवींद्रनाथ तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद विनायके के मार्गदर्शन में अस्पताल के शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ संबिता पंडा, डॉ एन एस ठाकुर एवं डॉ सुबोध साहा तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के प्रभारी, महाप्रबंधक श्री शिवराजन एवं श्री सुशील कुमार कामड़े के सहयोग से आयोजित किया गया।

परिवार नियोजन सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, पुरुष भी आगे आयें

पुरुष नसबंदी 5 मिनट में होने वाली एक आसान प्रक्रिया - डॉ.टोंडर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बीते वर्ष पुरुष नसबंदी अपनाने वाले मोहन साहू (38) को परिवार नियोजन के अस्थायी साधन के इस्तेमाल में दिलचस्पी नहीं थी क्योंकि उसका परिवार पूरा हो चुका था। इसलिये उसने खुद की नसबंदी कराने का निर्णय लिया। नसबंदी के अनुभवों को बताते हुए उन्होंने कहा, यह बहुत ही सरल सी प्रक्रिया थी जो केवल 5 मिनट में पूरी हुई। नसबंदी के बाद आदमी अपने दैनिक कार्य कर सकता है और यौन सुख में भी कोई कमी नहीं आती है।

मोहन साहू ने नसबंदी करवा के न केवल समझदारी का प्रदर्शन दिया बल्कि समुदाय को एक सन्देश भी दिया कि परिवार नियोजन केवल महिलाओं की ही नहीं बल्कि पुरुषों की भी ज़िम्मेदारी है। परिवार नियोजन सेवाओं से जनसँख्या स्थिरीकरण तभी हो सकता है जब पुरुष भी खुले मन से परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के लिये आगे आयें।

परिवार कल्याण के उप संचालक डॉ. टी.के.टोंडर ने पुरुष नसबंदी से जुड़ी धारणाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया: कुछ लोगों का यह मानना है कि पुरुष नसबंदी से शारीरिक कमजोरी आती है यह बिलकुल ही गलत धारणा है। इसको मन से निकालकर यह जानना अति आवश्यक है कि महिला नसबंदी की तुलना में पुरुष नसबंदी एक सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है। दो बच्चों के जन्म में अंतर रखने के लिए या जब तक बच्चा न चाहें तब तक पुरुष अस्थायी साधन कंडोम का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं परिवार पूरा होने पर परिवार नियोजन का स्थायी साधन नसबंदी अपनाकर अपनी अहम जिम्मेदारी निभा सकते हैं, उन्होंने बताया।

डॉ. टोंडर ने आगे कहा: ''पुरुष नसबंदी चंद मिनट में होने वाली एक आसान प्रक्रिया है। यह 99.9 फीसदी प्रभावी है। महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी एक सरल और आसान प्रक्रिया है । नसबंदी के तीन माह बाद वीर्य की जांच की जाती है। जांच में शुक्राणु शून्य पाए जाने की दशा में ही नसबंदी को सफल माना जाता है।''

राज्य में सबसे ज्यादा पुरुष नसबंदी कर चुके डॉ. संजय नवल सर्जन (एनएसवी) (यानि पुरुष नसबंदी) कहते है: 'पुरुष नसबंदी जन्म दर को रोकने का एक स्थायी, प्रभावी और सुविधाजनक उपाय है। यह यौन जीवन को बेहतर बनाता है। सहवास के दौरान गर्भ ठहरने की मानसिक चिंता को दूर करता है। पुरुष नसबंदी एक सामान्य प्रक्रिया है जो शासकीय चिकित्सालयों में निशुल्क की जाती हैं।

पुरुषों के अंडकोष में एक नलिका होती है जो अंडकोष से शुक्राणु को मूत्रमार्ग तक ले जाने का कार्य करती है। इस मार्ग को रोकने के लिए नसबंदी की प्रक्रिया की जाती है । पुरुष नसबंदी और स्त्री नसबंदी में किसी एक को चुनना हो, तो पुरुष नसबंदी को चुनना बेहतर होगा। पुरुष नसबंदी के लिए अस्पताल में भर्ती होने की भी जरूरत नहीं होती ,'' डॉ. नवल का कहना है ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक परिवार नियोजन आनंद साहू बताते हैं: नसबंदी करवाने पर पुरुष लाभार्थी को 3,000 रुपए दिए जाते हैं जो उसके बैंक खाते में जमा होते हैं। नसबंदी के लिए चार योग्यताएं प्रमुख हैं- पुरुष विवाहित होना चाहिए, उसकी आयु 60 वर्ष या उससे कम हो और दंपति के पास कम से कम एक बच्चा हो जिसकी उम्र एक वर्ष से अधिक हो। पति या पत्नी में से किसी एक की ही नसबंदी होती है। गैर सरकारी व्यक्ति के अलावा अगर मितानिन, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरक की भूमिका निभाती हैं तो उन्हें भी 400 रुपए देने का प्रावधान है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक परिवार नियोजन आनंद साहू ने बताया: राज्य में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 2,826 पुरुषों ने नसबंदी करवाई, वहीं वर्ष 2021-22 में 4,429 पुरुषों ने नसबंदी करवाई है। वहीं 2020-21 में 50.87 लाख कंडोम का उपयोग हुआ जो 2021-2022 में बढ़कर 57.35 लाख हुए।

नसबंदी के विफल होने पर 60,000 रुपए की धनराशि दी जाती है। नसबंदी के बाद सात दिनों के अंदर मृत्यु हो जाने पर 4 लाख रुपए की धनराशि दी जाती है । नसबंदी के 8 से 30 दिन के अंदर मृत्यु हो जाने पर एक लाख रुपए की धनराशि दिए जाने का प्रावधान है। नसबंदी के बाद 60 दिनों के अंदर जटिलता होने पर इलाज के लिए 50,000 रुपए की धनराशि दी जाती है।

झारखंड में बनेंगे 3 और हवाईअड्डे, ज्योतिरादित्य सिंधिया का ऐलान, दिल्ली-देवघर के बीच शुरू हुई उड़ान

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली(पीआईबी)। दिल्ली और देवघर के बीच आज पहली सीधी उड़ान शुरू होने के बाद अब केंद्र सरकार ने झारखंड में तीन और एयरपोर्ट बनाने का ऐलान किया है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को दिल्ली और देवघर के बीच पहली सीधी उड़ान को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि सरकार झारखंड में तीन और एयरपोर्ट बनाने पर काम कर रही है।

बजट एयरलाइन इंडिगो दिल्ली और देवघर के बीच दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। शनिवार को दिल्ली से देवघर के बीच पहली उड़ान की कप्तानी भाजपा नेता और पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने की थी।

इंडिगो अपने ए320 नियो, 180-सीटर ट्विन टर्बोफैन इंजन यात्री विमान को इस रूट पर तैनात करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, नई सेवा के साथ देवघर से प्रतिदिन 11 प्रस्थान उड़ानें होंगी।

देवघर एयरपोर्ट का निर्माण 400 करोड़ रुपये की लागत से किया गया था, जिससे यह रांची के बाद झारखंड का दूसरा हवाई अड्डा बन गया है।

सिंधिया ने विज्ञप्ति में कहा कि हम झारखंड में तीन और हवाई अड्डों - बोकारो, जमशेदपुर और दुमका पर भी काम कर रहे हैं - इससे झारखंड में हवाई अड्डों की कुल संख्या 5 हो जाएगी। हमने झारखंड को जोड़ने वाले 14 नए मार्गों की घोषणा की है।

14 रूटों में से कोलकाता और दिल्ली से देवघर के लिए उड़ानें शुरू हो गई हैं। आने वाले दिनों में देवघर को रांची और पटना से जोड़ दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही हम दुमका को रांची और कोलकाता से जोड़ेंगे। बोकारो हवाईअड्डा बनने के बाद इसे पटना और कोलकाता से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम एक अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्थल है और मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरे मंत्रालय ने लाखों तीर्थयात्रियों को देवघर जाने में मदद की है।

बालको महिला मंडल ने धूमधाम से आयोजित किया तीज महोत्सव का कार्यक्रम

श्रीकंचपथ न्यूज

बालकोनगर। बालको महिला मंडल ने तीज महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा कलेक्टर संजीव कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना झा और कोरबा पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना सिंह थीं। श्रीमती झा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर लुत्फ उठाया। उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए बालको महिला मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्मा एवं सदस्याओं की खूब प्रशंसा की।

बालको महिला मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्मा ने अतिथियों की अगवानी की। श्रीमती संगीता और श्रीमती सोनिया गुप्ता ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। श्रीमती झा और श्रीमती सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अतिथियों ने झूला झूलने का आनंद उठाया। श्रीमती संगीता शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बालको महिला मंडल के विभिन्न सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि महिला मंडल समय-समय पर महिलाओं और बच्चों के प्रतिभा विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करता है। बालकोनगर क्षेत्र के सांस्कृतिक उत्थान में महिला मंडल का महत्वपूर्ण योगदान है। श्रीमती रंजना झा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आयोजन अत्यंत मनोरंजक रहा।

उन्होंने कहा कि बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों द्वारा स्थानीय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रहा है। वही श्रीमती सिंह ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालको महिला मंडल की सदस्याओं ने उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। 'सावन क्वीन' का चयन प्रमुख आकर्षण - सावन क्वीन का चयन अनेक चरणों में किया गया। प्रथम चरण में कैटवॉक का आयोजन किया गया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की वेशभूषा, श्रृंगार, प्रस्तुति आदि के आधार पर अंक दिए। बाह्य सुंदरता और प्रतिभा के मेल से व्यक्तित्व निखर उठता है, इस भावना से दूसरे चरण में प्रतिभागियों की प्रतिभा परखी गई। प्रत्येक प्रतिभागी को एक मिनट में विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति के अवसर दिए गए। प्रतिभागियों ने केश सज्जा, नृत्य, मेहंदी, ड्रॉइंग, रंगोली, गायन आदि की प्रस्तुति दी। तीसरे चरण में प्रतिभागियों की वाक पटुता और सूझबूझ को परखा गया। निर्णायक मंडल ने एक ही सवाल सभी प्रतिभागियों से पूछे। प्रतिभागियों के उत्तर के आधार पर उन्हें अंक दिए गए। 'सावन क्वीन' के लिए तीन प्रतिभागियों जिसमें प्रथम शिपी अग्रवाल, द्वितीय ममता कटकवार और तृतीय स्थान के लिए सीमा साहू को विजेताओं को चुना गया।

नशे का आदी परिणाम सिर्फ बर्बादी को सार्थक बनाने शुरू हुआ निजात अभियान

कोरबा। जिले में पदभार ग्रहण करते हुए कप्तान संतोष सिंह ने प्रथम पत्रकार वार्ता में इशारा कर दिया था कि वे जहां भी रहे हैं उनका यह अनुभव रहा है कि नशा परिवार को जोड़ता नहीं बल्कि तोड़ता है। इसलिए नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा कर निजात अभियान के तहत बौद्धिक, सामाजिक एवं अन्य तरीके से उन्हें चैतन्यशील बनाकर नशे से दूर किया जा सकता है। जिसके लिए उन्होंने जिले भर में नशा उन्नमूलन के लिए एक ओर जहां नशापान करने वालों एवं अवैध रूप से कारोबार के माध्यम से उन्हें मादक पदार्थों को उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई करने के लिए आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कठोर से कठोर कार्रवाई किये जाने का अपने मातहतों को निर्देश दिया है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने इसके लिए अपने मातहतों को शहरी एवं स्लम क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी हाट बाजारों, साप्ताहिक बाजारों एवं चौक-चौराहों में भी निजात अभियान के तहत नशा से लोगों को दूर रखने के लिए आवश्यक जागरूकता पैदा करने उसके लिए संदेश प्रसारित करने के लिए मातहतों को सख्त समझाईश दिया है कि जितना भी हो सके लोगों को मादक पदार्थों के चंगुल से बचाने में पुलिस अमला कारगर हो सकता है।

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
start 17500/-
Bajaj Finance Available
• Gym Servicing • Gym Equipment & Accessories Available • Home Treadmill & Gym Service Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

Rajesh Yadav 79870-71513, 97557-11120
Shubh Aqua
The Promise of 100% Pure Water
RO Water Purifier
Free Service RO All Brand
Spare Parts, Wholesale Rate, Sales & Service
KENT RO SALES & SERVICE
Shop No. - 03, Vinoba Nagar, Near, Surya Mall, Junwani Raod, Bhilai

MISCHIEF Men's Store
UPTO 70% OFF
Complete Multibrand Store
Mo.-7999112303
mischieforignals
Shop NO. 7A/5, Ekta Tower Dakshin, Gangotri, Supela, Bhilai (C.G.)

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

नाबालिग नशे की गोलियां खाकर कर रहे हैं कांड

दो दिन में गांजे और टैबलेट के साथ 14 गिरफ्तार

रायपुर (ए)। रायपुर में इस सप्ताह हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं हुईं। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि नशे की लत के आदी लड़के और नाबालिग लूट, मारपीट, हत्या जैसे कांड के अंजाम दे रहे हैं। पिछले सप्ताह रायपुर में तो नाबालिग लड़की ने एक युवक का गला रेतकर हत्या कर दी थी। गांजा और नशीली टैबलेट के रूप में नशे की चीजें इन सभी तक पहुंच रही हैं।

पुलिस की टीम छापा मार कार्रवाई और चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को पकड़ रही है। पिछले दो दिनों में 14 लोगो को गिरफ्तार किया गया है। जो ये बताने को काफी है कि किस कदर शहर की गलियों में नशे का धंधा फल-फूल रहा है। रायपुर के थाना कोतवाली, सरस्वती नगर, खमतराई, आमानाका, खम्हारडीह, तेलीबांधा, धरसींवा, मंदिर हसौद तथा विधानसभा में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार होने वालों में मनोज मन्नू मलिक बेहरा,जीतेन्द्र सोनकर मोह. रजा मुराद, अजीत सिंह, संजय बघेल,रोहित सोनी, मदन साहू, लोकनाथ साहू, विजय विश्वकर्मा और शेख जाहिद शामिल हैं। इनके पास से कुल 15 किलो 20 ग्राम गांजा और 1000 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट निट्राजेपम मिली।

एक और कार्रवाई हुई। इसमें पुलिस को खबर मिली कि थाना तेलीबांधा इलाके में श्याम नगर स्थित क्रिश्चन मोहल्ला के पीछे एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने के लिए रखा है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर युवक को पकड़ा लड़के ने अपना नाम रोहित सोनी बताया। इसके पास से भी करीब 1000 निट्राजेपम नशीली टेबलेट मिली जिसकी कीमत लगभग 6,000 रुपए बताई जा रही है।

एमपी के तस्कर भी गिरफ्तार

थाना गुढ़ियारी की पुलिस को खबर मिली थी कि रेल्वे स्टेशन की पार्किंग नं. 6 में दो लोग बैग में गांजा लिए घूम रहे हैं। जब दोनों के करीब गई तो दोनों ने भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें दौड़कर घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम विशाल रायकवार एवं नितिन अहिरवार बताया। ये दोनों विदिशा, एमपी के रहने वाले हैं। इनके पास से 15 किलो करीब 1,50,000 का गांजा मिला।

नाबालिग कर रहा था गोली का धंधा

गुढ़ियारी पुलिस को खबर मिली कि माता रानी चैक पास एक लड़का अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने को रखे हुए है। लड़का नाबालिग है और कुछ लोगों को टैबलेट बेच भी चुका है। मुहल्ले से पुलिस ने नाबालिग लड़के को दौड़ाकर पकड़ा। इसके पास से अल्प्राजोलम एवं स्पास्मो नाम की प्रतिबंधित नशीली टेबलेट मिली । ये 249 टैबलेट इसके पास कहां से आई पुलिस पूछताछ कर रही है।

गांजा ओडिशा और टैबलेट बेच रहे मेडिकल वाले

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि इन कार्रवाइयों में गांजा ओडिशा से रायपुर लाया जा रहा है। यहां पूरे प्रदेश में सप्लाय हो रही है। इसके अलावा रायपुर के रास्ते महाराष्ट्र और एमपी में भी तस्करी होती है। अक्सर पुलिस गांजा सप्लाय करने वाले बड़े अपराधियों तक पहुंचने का दावा करती है। दूसरी तरफ कई बार मेडिकल कारोबारियों की बैठक लेकर अफसरों ने हिदायत दी कि बिना डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवाएं किसी को न बेचें। मगर लगातार पकड़ में आ रही दवाएं इस बात का पुख्ता सबूत हैं कि दवा के कारोबारियों पर पुलिस की हिदायत का असर नहीं हुआ है।

नौतनवा एक्सप्रेस के तत्काल टिकट में कमीशनखोरी

मरोदा स्टेशन का हेड क्लर्क रंगे हाथ गिरफ्तार

विजिलेंस टीम ने रायपुर के ग्राहक को पकड़ा

भिलाई। मुख्य सतर्कता निरीक्षक (विजिलेंस ऑफिसर) ने मरोदा रेलवे स्टेशन के हेड क्लर्क को कमीशन लेकर टिकट काटते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी क्लर्क 100 रुपए कमीशन लेकर लोगों का बैक डोर से तत्काल टिकट काट रहा था। कार्रवाई के दौरान विजिलेंस टीम के साथ आरपीएफ के जवान भी मौजूद थे। टीम ने क्लर्क के साथ-साथ टिकट लेने पहुंचे ग्राहक को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ आरपीएफ दुर्ग पोस्ट में रेलवे एक्ट की धारा 143, 179 के तहत कार्रवाई की गई है।

आरपीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक विजिलेंस ऑफिसर के पास काफी दिनों से शिकायत मिल रही थी की मरोदा रेलवे स्टेशन में कमीशन लेकर टिकट काटा जा रहा है। इस पर आरपीएफ टीम के साथ विजिलेंस ऑफिसर शुक्रवार सुबह मरोदा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने वहां पदस्थ मुख्य वाणिज्य लिपिक डी हेमंत कुमार निवासी मरोदा रेलवे कालोनी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

वह 100 रुपए कमीशन लेकर बैकडोर से बोरियाखुर्द रायपुर निवासी राघवेंद्र यदुवंशी का टिकट बना रहा था। टीम ने डी हेमंत और राघवेंद्र दोनों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ रेलवे एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

आरोपी ने कबूल किया जुर्म

पूछताछ में राघवेंद्र यदुवंशी ने बताया कि वह एचएससीएल कालोनी मरोदा के तीन लोगों के लिए ट्रेन नंबर 18206 नौतनवा एक्सप्रेस में मानिकपुर से रायपुर के लिए स्लीपर कोच की तत्काल टिकट लेने के लिए पहुंचा था। यहां टिकट क्लर्क प्रति यात्री 100 रुपए कमीशन लेकर तत्काल टिकट काट रहा था। इसलिए उसने भी उससे कमीशन देकर टिकट लिया है।

शराबी पिता की गमछे से गला घोंटकर हत्या: आए दिन झगड़ा करता था फिर विवाद हुआ तो बेटे ने मारा, लोगों से बोला- ये शराब पीकर मर गया

जांजगीर (ए)। जांजगीर-चांपा जिले में एक युवक ने अपने ही पिता की गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। वह अपने पिता की शराब पीने की आदतों से परेशान था। उसका पिता आए दिन शराब के नशे में सबसे झगड़ा और मारपीट करता था। इस बीच जब फिर से उसके पिता ने विवाद किया तब युवक ने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

भुईगांव निवासी जोहित मनहर (45) शराब पीने का आदी था। वह हमेशा शराब के नशे में परिवारवालों से झगड़ा करता था। घर चलाने के लिए भी कुछ काम नहीं करता था। इसी बात से उसके परिजन काफी परेशान थे। इस दौरान शनिवार सुबह जोहित की पत्नी खेत में मजदूरी के लिए चले गई थी। उसके 3 बच्चे बाहर खेलने चले गए थे। उस दौरान घर में सिर्फ जोहित और उसका बड़ा बेटा साहिल मनहर (18) थे।

बताया गया कि सुबह के वक्त भी जोहित ने शराब पी रखी थी और अपने बेटे साहिल से विवाद कर रहा था। इसी विवाद के चलते साहिल ने इस वारदात को अंजाम

दिया। हत्या करने के बाद सबसे पहले उसने अपने परिजनों को झूठी कहानी सुनाई कि उसके पिता की मौत अधिक शराब पीने से हो गई है। आसपास के लोगों को भी उसने यही कहानी बताई थी। इसके बाद जोहित के अंतिम संस्कार की तैयारी थी।

अंतिम संस्कार से पहले पहुंची पुलिस

अंतिम संस्कार के लिए आस-पास के लोग पहुंच रहे थे। पहुंचने पर उन्होंने देखा कि जोहित के गले में किसी कपड़े के निशान हैं। इस पर उन्हें शक हुआ और उन्होंने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। खबर मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंची। फिर एक-एक कर परिजनों से पूछताछ की गई।

पूछताछ के अलावा शव का शॉर्ट पीएम भी कराया गया था। शॉर्ट पीएम में पता चला कि उसकी हत्या गला घोंटकर की गई है। इसके बाद पुलिस ने फिर से परिजनों से पूछताछ की। पूछताछ में ही पुलिस को पता चला कि घर में सिर्फ साहिल ही था। इसके बाद पुलिस ने साहिल से पूछताछ की। इस पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पुलिस को पूरी बात बताई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बस्तर में 16 साल की युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (ए)। बस्तर जिले में 24 साल के एक युवक ने नाबालिग युवती का रेप कर दिया। बताया जा रहा है कि, युवक नाबालिग को भजिया खिलाने के बहाने घर से पहले मार्केट लेकर गया, फिर बहला फुसलाकर जंगल में ले जाकर रेप कर दिया। वहीं इस बात की जानकारी परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने अब आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के परपा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, 28 जुलाई को नाबालिग के परिजन परपा थाना में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाने पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को बताया था कि, पुसपाल का रहने वाला युवक धनसाय उर्फ शुरू कश्यप उनकी बेटी को मार्केट की तरफ लेकर गया था। धनसाय पहले से ही बेटी को जानता था। भजिया खिलाने के बहाने उसे बहला फुसलाकर उसे गांव के ही

घने जंगल में ले गया। फिर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया।

परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया। टीम को युवक के गृहगांव पुसपाल भेजा गया लेकिन, युवक नहीं मिला। फिर कई घंटों के बाद पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि युवक अपने घर पर है फिर, जवानों ने घर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया। नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने बताया कि, आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

सड़क पर पलट गई ट्रैक्टर की ट्राली

निरतू के पास रेत भरे ट्रैक्टर और ट्रेलर में जोरदार भिड़ंत, ड्राइवर की मौत

बिलासपुर (ए)। सेंदरी-पेंड्रीडीह बाइपास पर निरतू के पास रेत से भरी ट्रैक्टर को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेलर चालक की मौत हो गई। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। शनिवार की शाम करीब 4 बजे सेंदरी पुल के थोड़ा आगे निरतू के पास अवैध परिवहन में लगे रेत से भरा ट्रैक्टर रांग साइड से सेंदरी की ओर आ रहा था। दूसरी ओर बिलासपुर से ट्रेलर रतनपुर की तरफ जा रहा था। सेंदरी से आगे निरतू के पास ट्रेलर को सामने देख ट्रैक्टर ड्राइवर बचाने की कोशिश करता इससे पहले ही ट्रेलर-ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर इंजन सहित 20 फीट तक उछलकर दूर जा गिरा और रेत भरी ट्रॉली सड़क में पलट गई। वहीं ट्रेलर के भी सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए और ट्रेलर चालक निरंजन कुशवाहा मध्यप्रदेश रीवां की मौके पर ही मौत हो गई। रेत लेकर आ रहे ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गए। इसमें मजदूर भी

बैठे थे। पुलिस मौके पर पहुंच कर ट्रेलर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी भेजा।

परिजनों को दी सूचना आने के बाद होगा पीएम

कोनी टीआई सुखनंदन पटेल के अनुसार ड्राइवर की पहचान होने के बाद उसके परिजनों को सूचना भेजी गई है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम होगा।

बिलासपुर रतनपुर मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ा काराण अधूरी सड़क है। नेशनल हाइवे पर अभी भी काम अधूरा है। इसके कारण कहीं जगहों पर वन-वे है और गाड़ियां एक की ओर से आना जाना करती हैं। खतरनाक मोड़ व रफ्तार होने के बाद चालक का गाड़ियों से नियंत्रण हट जाता है और ये आपस में टकरा जाती है।

24 घंटे दौड़ रहे भारी वाहन, सड़क का काम अधूरा

रायपुर से कोरबा जाने वाले भारी वाहनों की वजह से इस मार्ग पर दिनभर भारी वाहन चलते हैं। एनएचएआई का काम अभी अधूरा पड़ा है। जहां सड़क बन गई हैं, वहां सड़क के नीचे गड्ढे हैं। सेंदरी के पास ओवरब्रिज का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। यहां से गाड़ियां बिलासपुर की ओर मुड़ती है तो चालकों को धोखा होता है। यह अंधेरा होने के कारण नजर ही नहीं आता।

हाईकोर्ट ने लगाई थी फटकार

हाईकोर्ट ने बदहाल सड़कों को लेकर सुनवाई शुरू की है। न्यायमित्रों ने 32 खराब सड़कों को चिन्हित कर रिपोर्ट पेश की। यहां लगातार हादसे हो रहे हैं। इनमें बिलासपुर- रतनपुर- रतनपुर बाइपास, बेलतरा-कटघोरा, रतनपुर-सिल्ली-पाली मार्ग भी शामिल है। प्रदेश की बदहाल सड़कों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एक माह पहले हाईकोर्ट में शपथपत्र के साथ माफी मांगी थी पर अभी तक काम पूरा नहीं किया है।

गुजरात के कारोबारी ने की 58 लाख की ठगी

जामुल के व्यापारी से रुपए लिए और माल सप्लाई नहीं किया, जुर्म दर्ज

भिलाई (ए)। गुजरात की याना एग्रोइंपैक्स कंपनी के डायरेक्टर ने रायपुर के डामर सप्लायर राकेश अग्रवाल से 58 लाख रुपए की ठगी की है। जामुल पुलिस ने आरोपी चिराग शाह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस जल्द ही आरोपी को पकड़ने एक टीम गांधीनगर गुजरात भेजेगी।

कुबेर अपार्टमेंट सेकण्ड फ्लोर 206 शंकर नगर रायपुर थाना खम्हारडीह निवासी राकेश अग्रवाल पिता स्व. राजाराम अग्रवाल (49 वर्ष) ने जामुल थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि याना एग्रोइंपैक्स कंपनी के डायरेक्टर चिराग शाह ने उसके साथ 57 लाख 96,194 रुपए की धोखाधड़ी की है। जामुल पुलिस के मुताबिक राकेश अग्रवाल पेशे से लुब्रीकेंट और बिटूमीन (डामर) आयल का सप्लायर है। उसका शक्ति ल्यूब्स महासमुंद और गौरव फिलिंग स्टेशन नाम से कोहका रोड में ऑफिस है।

राकेश अग्रवाल ने जामुल पुलिस को बताया कि चिराग शाह जो कि याना एग्रोइंपैक्स, गांधीधाम गुजरात का डायरेक्टर है। वह लुब्रीकेंट एंड बिटूमीन (डामर) ऑयल की सप्लाई करता है। चिराग शाह से उसकी मुलाकात गौरव फिलिंग स्टेशन कोहका रोड जामुल में हुई थी।

summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For: SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006
Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

'सतरंगी रे...' में 100 से ज्यादा कलाकार देंगे नृत्य-संगीत की अनूठी प्रस्तुति

भिलाई। शास्त्रीय नृत्य कला के विकास के लिए सक्रिय संस्थान कृष्णप्रिया कथक केंद्र की ओर से 'घुंघरुओं का सफर' श्रृंखला के अंतर्गत एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति सतरंगी रे का आयोजन रविवार 31 जुलाई को शाम 7:30 बजे से कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया है। केंद्र की निदेशक उपासना तिवारी ने बताया कि उनके संस्थान का यह 27 वां वर्ष है। रजत जयंती वर्ष के दौरान दो वर्ष के कोविडकाल की वजह से कोई आयोजन संभव नहीं हो पाया था लिहाजा अब कोविड के 2 वर्ष बाद 100 से ज्यादा कलाकार मंच पर उतर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के उपरांत हो रहे इस आयोजन में नृत्य और संगीत जगत की दिवंगत दो दिग्गज हस्तियों स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर और नृत्य गुरु पं. बिरजू महाराज को आदरांजलि दी जाएगी। जिसमें कलाकार अपनी नृत्य और संगीत में रची बसी अनूठी प्रस्तुतियां देंगे।

मुहर्रम का महीना शुरू, आज से 10 दिन तक चलेगा करबला के शहीदों का बयान

भिलाई। अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार भिलाई का ज़िक्रे शोहदाये करबला का 10 दिन चलने वाला सालाना जलसा 31 जुलाई रविवार से शुरू हो रहा है। इस जलसे की सरपरस्ती महबूब उल उलमा हजरत अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफअशरफी जिलानी कर रहे हैं। अंजुमन हुसैनिया कमेटी के सदर हुसैन अली अशरफी और मुश्ताक अली ने बताया कि पूरे 9 दिन तक करबला के शहीदों का बयान करने हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती कलीम अशरफ कादरी और हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती जामी कमर आलिमी अजहरी पहुंच रहे हैं। इलाहाबादी पंचायती ताजिया इमामबाड़ा सड़क-20 जोन-1 खुर्सीपार भिलाई में होने वाले इस जलसे की कयादत गुलाम अहमद रज़ा नूरी और निजामत कमालुद्दीन अशरफी करेंगे।

इस जलसे में हाफिज इमरान, हाफिज व कारी खालिद नूरानी, और मद्दाहे रसूल मौलाना मोहम्मद इसरार व मोहम्मद आमिर रजा खास तौर पर मौजूद रहेंगे। इस जलसे के एक हिस्से के तौर पर 4 अगस्त गुरुवार को दोपहर 2 बजे से औरतों के लिए आलिमा की तकरीर रखी गयी है। औरतों के लिए पर्दे का खास इंतजाम किया गया है।

वहीं 7 अगस्त रविवार को आले नबी औलादे अली सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी जिलानी कौम से खिताब फरमाएंगे। 10 दिन रोजाना सुबह 8 से 10 बजे तक कुरान ख्वानी होगी। वहीं रोज रात तकरीर के बाद लंगर का एहतमाम रहेगा। इस जलसे में अंजुमन हुसैनिया कमेटी की ओर से इस्तकबालिया प्रोग्राम भी होगा, जिसमें अंचल के संगठन/शख्सियतों का सम्मान उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए किया जाएगा।

शहर की साफ सफाई और सुंदरता को लेकर बेहद एक्टिव मोड पर कलेक्टर

अंतिम बार दी गई समझाईश, इसके बाद भी व्यवस्था बिगाड़ी तो होगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। शहर की सुंदरता और साफ-सफाई को लेकर कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा बेहद एक्टिव मोड पर हैं। वे नियमित रूप से नगरीय निकाय का निरीक्षण कर रहे हैं और यहां साफ-सफाई की व्यवस्था देख रहे हैं। उन्होंने दुर्ग निगम में भी अधिकारियों को सफाई की सख्त मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी कहा है कि जो लोग व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं गंदगी फैला रहे हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। आज उन्होंने आयुक्त प्रकाश सर्वे के साथ देर शाम निगम क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इंदिरा मार्केट क्षेत्र में कुछ दुकानदारों ने और फल ठेले वालों ने सड़क पर कचरा बिखरा दिया था, इस पर कलेक्टर ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि शहर आपका है। शहर की सुंदरता की जिम्मेदारी भी समझिये, इस तरह से कचरा फैलाने से बहुत खराब संदेश जाता है और आपके आसपास का वातावरण भी बहुत प्रदूषित होता है।

जिन दुकानदारों ने कचरा फैलाया था, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी समझी और तत्काल कचरा डस्टबिन में डाला।

कलेक्टर 2 घंटे इंदिरा मार्केट क्षेत्र, पुराना बस स्टैंड, कपड़ा लाइन, कुआं चौक के पश्चात उन्होंने इंदिरा मार्केट पार्किंग, सदर बाजार, हटरी बाजार, पांच कंडील, सराफा बाजार मोती काम्प्लेक्स से मध्यानी ऑटो लाइन, पटेल चौक तक साफ सफाई और व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि कुआं चौक के आसपास लगे फल ठेले, चाट ठेले आदि को वहां से हटाकर सिटी कोतवाली के सामने उधम होटल के सामने खाली जगह पर लगाया जाए। कलेक्टर ने इंदिरा मार्केट पार्किंग के ठेकेदार को निर्देश दिया कि पार्किंग के बाहर खड़े वाहन के मालिकों को समझाइश दें कि वाहन पार्किंग में ही खड़े करें। यातायात तथा निगम की टीम लगातार मॉनिटरिंग करें और बेतरतीब वाहनों पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने सड़क पर टेंट लगाकर और सामान फैला कर व्यवसाय करने वालों को भी समझाइश दी। उन्होंने कहा कि आप लोगों को यह अंतिम समझाइश दी जा रही है। शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। बाजार की सुंदरता से बाजार में व्यवसाय में भी वृद्धि होती है। बाजार में गंदगी और प्रदूषण होने से बीमारी का खतरा आपके लिए भी बढ़ता है। इसके साथ ही बाहर टेंट लगाकर समान रखने से ट्रैफिक की बड़ी दिक्कत सामने आती है। इससे बाजार अव्यवस्थित हो जाता है और बाजार की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ता है तथा उपभोक्ताओं को भी परेशानी होती है। व्यवस्था का पालन करना सबके हित में होता है और इससे शहर की सुंदरता भी बढ़ती है और बेहतर व्यवस्था का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि निगम का अमला लगातार सक्रिय रहेगा। आप नियमित रूप से कचरा डस्टबिन में डालें। निगम की स्वच्छता दीदी इन्हें एकत्रित करती रहेगी। इस तरह से शहर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में 28 जुलाई 2022 को अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया। इस दौरान एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा किया गया। हेपेटाइटिस

इस अवसर पर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ जीवनलाल घीडले, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रभारी डॉ आकांक्षा शर्मा एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण निकोसे उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ अन्नपूर्णी, डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर एवं अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ अस्पताल के पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ भी मौजूद रहे।

डॉ जीवनलाल घीडले एवं डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा संक्रमण के रोकथाम, निदान एवं टीकाकरण की जरूरत एवं जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर पी जी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई के छात्राओं द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वेच्छानुसार खून जांच द्वारा संक्रमण की स्क्रीनिंग भी की गयी।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस प्रत्येक वर्ष 28 जुलाई को नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ बारुच ब्लूमबर्ग के सम्मान में मनाया जाता है। डॉ बारुच ब्लूमबर्ग ने हेपेटाईटिस बी वायरस एवं टीका का अविष्कार किया था। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दुनिया को एक साथ और समान स्तर पर लाना है। वर्ष 2022 के लिए विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम है हेपेटाइटिस इंतजार नहीं कर सकता।

इस दिवस पर हम सभी यह प्रतिज्ञा लें कि हम व्यक्तिगत स्वच्छता का सम्पूर्ण रूप से पालन करेंगे तथा हेपेटाइटिस ए एवं हेपेटाइटिस बी का टीका लगवाएंगे। संक्रमित मरीज द्वारा इस्तेमाल किया हुआ टूथब्रश, ब्लेड, कंघी इत्यादि का प्रयोग नहीं करना चाहिए। हमें नया एवं डिस्पोजेबल इंजेक्शन का प्रयोग करना चाहिए। सुरक्षित यौन संबंध का ध्यान रखना चाहिए। हमें इसके संक्रमण से बचने हेतु पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए।

पास्ट इज पास्ट, रुको नही थको नही, आगे बढ़ो - ब्रह्माकुमारी गोपी दीदी लन्दन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर 7 स्थित अंतरदिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी गोपी दीदी लंदन के पावन सानिध्य में दो दिवसीय मौन तपस्या कार्यक्रम व्यक्त से अव्यक्त की ओर का विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ हुआ। गोपी दीदी ने कहा कि पवित्रता की शक्ति हमारी सोच और भावनाओं को श्रेष्ठ बनाती है।

कुछ भी हो जाये मन से निगेटिव संकल्पों के चाकू को निकाल दो। आपने मंत्र दिया पास्ट इज़ पास्ट आगे बढ़ो,10 साल पुरानी बातों को पकड़ कर बैठे है। मन भारी और अशांत हो गना आपका।

दुख का मूल कारण है मैं और मेरापन, जिसे हमने चित्त पर बसा लिया और चित्त ने शरीर मे मानसिक रोग के रूप में बसा लिया। हमें जीवन मे थकना और रुकना नही है। हमारी तपस्या का आधार है त्याग। सुबह का पहला संकल्प हमारे सारे दिन की नींव है। हमारे मन के मौन से हमारी एनर्जी बचती है, और वह बुद्धि को एकाग्र कर व्यवहार में काम आती है। ज्ञात हो कि गोपी दीदी ने संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका 104 वर्षीय राजयोगिनी दादी जानकी के सानिध्य में कई वर्षों की पालना लेकर उनके साथ के अनुभव भी सभी से साझा किए।

प्रेमचंद जयंती पर कथा संवाद हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग।शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में हिन्दी.विभाग द्वारा दिनांक 30.7.2022 को प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में प्रख्यात कथाकार श्री हरि भटनागर की उपस्थिति में कथा.संवाद (कहानी पाठ एवं बातचीत) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने स्वागत उद्बोधन के साथ प्रेमचंद की साहित्यिक संवेदना पर प्रकाष डाला।

उन्होंने कहा प्रेमचंद हमेषा शोषित.पीड़ित जन के पक्ष में खड़े होते नजर आते हैं। प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज का दर्पण है। विभाग के प्राध्यापक डॉ. जय प्रकाष ने अतिथि वक्ता कथाकार हरि भटनागर का परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कहानियों तथा उनके कथा.षिल्प का उल्लेख किया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री एम.ए. सिध्दिकी ने प्रेमचंद.जयंती पर कथा.संवाद के आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा प्रेमचंद एक लेखक के रूप में साधारण.जन के बीच लोकप्रिय थे। उनकी पंच.परमेष्वर कहानी न्याय के लिए संघर्ष हमेषा याद की जाती रहेगी।

अतिथि वक्ता श्री हरि भटनागर ने अपनी श्घोसलाश् कहानी का पाठ किया।

कहानी पाठ के बाद विद्यार्थियों तथा शोध.छात्रों ने कहानी.कला तथा उनकी कहानियों के बारे में अनेक प्रष्न किये। श्री भटनागर ने इन प्रश्नों का बहुत ही सहज.सरल जवाब दिया। उन्होंने कहा - कहानी दुनिया को खुली आखों से देखने.समझने से बनती है। हम जिन्हें कमजोर समझते है, श्संगठित होकर वे भी ताकतवर हो जाते हैश। वह भी अन्याय का प्रतिरोध कर सकते है। उन्होंने कहानी लेखन के लिए सूक्ष्म दृष्टि तथा उपयुक्त भाषा के तलाष को आवष्यक बताया। उनके घोसला कहानी का मूल स्वर अस्तित्व की लड़ाई है। एक पक्षी अपने घोसला बचाने के लिए लड़ सकता है तो आदमी व्यवस्था की विद्रुपता के विरूध्द क्यों नही लड़ सकता?

कथा.संवाद का यह कार्यक्रम छात्र.छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थी तथा 25 शोधार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर के साहित्यकार श्री शरद कोकाष, श्री बुध्दिलाल पाल, श्री नासिर अहमद सिंकदर, डॉ. अम्बरीष त्रिपाठी, डॉ. दुर्गा शुक्ला विषेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के प्राध्यापक डॉ. बलजीत कौर, डॉ. कृष्णा चटर्जी का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनीष उमरे ने तथा आभार प्रदर्षन प्रो. थानसिंह वर्मा ने किया।

शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान अवश्य कराने पर जोर

दुर्ग। शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार से जिले भर में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान धात्री माहिलाओं को स्तनपान कराने से होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ की जानकारी दी जाएगी तथा उचित पोषण आहार व स्वच्छता के प्रति भी उन्हें जागरुक भी किया जाएगा। यह सभी कार्यक्रम कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए आयोजित किए जाएंगे। शिशुओं को स्तनपान कराने के प्रति समाज में जागरुकता लाने तथा इस विषय में व्याप्त विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने के लिए हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस बार विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम ये मौका छूटे ना रखी गई है। इस थीम के साथ जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर कार्यशाला, प्रदर्शनी, फिल्म शो, प्रश्नोत्तरी व परिचर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले के साथ जनप्रतिनिधि सहित महिला समूहों तथा अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल किया जाएगा। आंगनवाड़ी और ग्राम स्तर पर नारे लेखन, वॉल रायटिंग, पोस्टर-बैनर के माध्यम से स्तनपान से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। स्तनपान सप्ताह के सुचारू संचालन के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन को भी विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया: विश्व स्तनपान सप्ताह की सार्थकता के लिए विशेष रूप से जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में अस्थाई ब्रेस्ट फीडिंग कॉर्नर बनाए गए हैं, जहां पर शिशुवती माताओं को स्तनपान के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा शिविर के माध्यम से भी शिशुवती माताओं को स्तनपान के विषय में जागरुक करने का प्रयास किया जाएगा।

ईमानदारी से अपने दिनचर्या में योग को अपनाएं - ज्ञानेश शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रेम निरंजन योगासन खेल संघ द्वारा आचार्य प्रेम नारायण शर्मा जी की स्मृति में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। भिलाई नगर साईं भवन सेक्टर 6 में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन के छत्तीसगढ़ योग आयोजन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि योग का प्रचार प्रसार जागरूकता स्वास्थ्य निरोगी रहना केवल योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा।

सामाजिक संस्थानों स्कूल कॉलेज शिविर के माध्यम से जनजागृति कर हम सब मिलजुलकर छत्तीसगढ़ योग आयोग आप सबके सहयोग से योगमय बनाने हेतु वातावरण बनाने में लगा हुआ है। ईमानदारी से योग से जुड़े। संघ के सचिव अजीत पंडा ने कहा योग के क्षेत्र में कई योगासन खेल का आयोजन 20 वर्षों से करते आ रहे हैं मैं चाहता हूं कि हम सभी आपस में मिलकर एक भाव में इसे योग खेल को अपने प्रदेश में फैलाए तथा अपने छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करें । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत भी अजित पंडा ने किया।

प्रतियोगिता में राजनादगांव दुर्ग बालोद बेमेतरा कवर्धा रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों से प्रांतीय भा ले रहे हैं प्रतियोगिता में सब जूनियर एवं सीनियर महासचिव अजीत तकनीकी सचिव पी रमेश कुमार सह सचिव श्रीमती प्रीति समझदार रितु रेकी हेमलता साहू लक्ष्मी साहू मनोरमा पांडे बालोद से अशोक कुमार सेन बालाराम निसार राजनादगांव से गौरी शंकर सुदर्शन सेन बेमेतरा से डाली देवांगन दुर्ग से सौम्या पंडा छत्तीसगढ़ राज्य प्रतियोगिता के जो कि पर मिनियन योगिस्थान खेल संघ द्वारा आयोजित की गई हैं यहां पांच प्रकार के इवेंट आयोजित की गई। जिसमें 5-7 जिलों के प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिसमें की 9-14 वर्ष 10-15 वर्ष 15-20 और 19-27 20 से 28 वर्ष के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मंच में समाजसेवी हेमंत शुक्ला, सुरेश अग्रवाल, अशोक महेश्वरी ने उपस्थित होकर स्पर्धा में भाग लेने वाले की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापित उपाध्यक्ष अरूण पंडा योगप्रशिक्षक ने किया।

आज होगा समापन

आज समापन 31 जुलाई रविवार संध्या 4 बजे इसी स्थल सांई मंदिर सेक्टर 6 के सभागार में जिसके मुख्य अतिथि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव अध्यक्षता माननीय गोपाल खंडेलवाल समाज सेवी विशिष्ट अतिथि माननीय अतुल पर्वत अध्यक्ष भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन से एवं माननीय मनसुखलाल समाजसेवी माननीय अशोक माहेश्वरी समाज सेवी उपस्थित रहेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950